तापमान

अधिकतम 32.8 डिग्री

न्यूनतम 19.2 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, शनिवार 7 दिसंबर 2024


13 रेलवे स्टेशन व शदाणी दरबार को जोड़ने 32 करोड़ का...



14 इतिहास में पहली बार प्रदेश में एक ही माह नवंबर में बिके एक...



# आज से रईसों के लिए घर पहुंच सेवा, 25 हजार दो, घर बैठे होगी जमीन-जायदाद की रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में अब जमीन जायदाद की रजिस्ट्री कराने वालों के लिए एक नई पैड सर्विस शुरू हुई है। ऐसे लोग जो चाहते हैं कि रजिस्ट्री के लिए उन्हें पंजीयन दफ्तर न आना पड़े और फिर रजिस्ट्री भी हो जाए, तो उनके लिए ये सुविधा 25 हजार रुपयों में मिल जाएगी। यानी 25 हजार रुपए अदा करने के बाद कोई भी रजिस्ट्री ऑफिस का काम अपने घर में ही करवा सकता है। यही नहीं, जो लोग ये चाहते हैं कि उनकी रजिस्ट्री टाइम स्लॉट से अलग उनके मांगे समय पर होनी चाहिए, तो उन्हें इस काम के लिए 15 हजार रुपए देने होंगे।

पंजीयन विभाग के कामकाज के जानकारों के मुताबिक राज्य में इस तरह की व्यवस्था पहली बार की गई है। इससे पहले होता यह था कि जिसे भी रजिस्ट्री करवाना हो, उन्हें रजिस्ट्री दफ्तर ▶▶|शेष पेज 13 पर

## छत्तीसगढ़ में पहली बार लागू हुई ये व्यवस्था, अब हक त्याग की रजिस्ट्री होगी 500 रुपए में

### विशेष टाइम स्लॉट के लिए 15 हजार लगेंगे

अगर किसी व्यक्ति को कोई रजिस्ट्री बिना टाइम स्लॉल लिए अपने मांगे समय पर करवाना है तो उसके लिए 15 हजार रुपए की अतिरिक्त फीस लगेगी। यह भी नया प्रावधान है। इससे पहले हर व्यक्ति को टाइम स्लॉट के हिसाब से रजिस्ट्री ऑफिस से मिले समय पर ही रजिस्ट्री करवाने के लिए हाजिर होना पड़ता था।




### हक त्याग के संबंध में भी संशोधन

एक संशोधन हक त्याग विलेख के संबंध में भी किया गया है। इसमें परिवार के सदस्य के पक्ष में रजिस्ट्री होने पर 500 रुपए ही लगेंगे। यह परिवार के रिश्तेदार पिता, माता, पति, पत्नी, पुत्र, पुत्री, पुत्रवधु, भाई, बहन तथा पौत्र पौत्री शामिल हैं, के पक्ष में हक त्याग की रजिस्ट्री पर लागू होगा। इसी तरह अचल संपत्ति के विक्रय, विनियम या दान, दो परिवार के सदस्यों से भिन्न व्यक्ति के पक्ष में हो, ऐसे मामलों में रजिस्ट्री शुल्क बाजार मूल्य का चार प्रतिशत लगेगा।

### शुल्क के अतिरिक्त लगेंगे 25 हजार

पंजीयन की प्रक्रिया में बदलाव के लिए सरकार ने एक्ट के अनुच्छेद सात में बदलाव किया है कि इसमें कहा गया है कि रजिस्ट्रार के द्वारा किसी भी दस्तावेज के रजिस्ट्रीकरण के लिए अतिरिक्त शुल्क 25 हजार रुपए लगेगा, लेकिन इसके साथ ही रजिस्ट्री के लिए लिया जाने वाला सामान्य शुल्क भी अदा करना होगा। इस संशोधन की टीप में लिखा गया है कि इस अनुच्छेद के अधीन अतिरिक्त फीस, वसीयतों तथा दत्तक ग्रहण के अधिकार पत्रों के रजिस्ट्रीकरण पर देय नहीं होगी। वह ऐसे मामलों में भी उदग्रहणीय नहीं होगी, जिसमें सब रजिस्ट्रार किसी निष्द्रापन में हितबद्ध होने के कारण या किसी अन्य दूसरे पर्याप्त कारण से स्वयं रजिस्ट्रीकरण के लिए असमर्थ हो।

## खबर संक्षेप

### रेप के आरोपी को ले गई बिलासपुर पुलिस

**रायपुर।** युवती को शादी करने का झांसा देकर रेप करने के मामले में आरोपी को बिलासपुर पुलिस गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। पुलिस के मुताबिक, रेप के आरोप में संतोषी नगर निवासी अमित शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। अमित ने बिलासपुर में रहने वाली अपने परिचित युवती को शादी करने का झांसा देकर रेप किया था। शादी करने का दबाव बनाने पर अमित ने इंकार कर दिया।

### वाई-फाई लगवाने का झांसा देकर मारपीट, लूट

**रायपुर।** आमानाका थाने में एक निजी मोबाइल कंपनी के वाई-फाई लगाने वाले युवक ने एक युवक तथा दो महिलाओं के खिलाफ झूठे केस में फंसा देने के धमकी देकर मारपीट कर पैसे



ऐंठने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, राघव मिश्रा ने यश प्रजापति तथा दो अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। राघव ने पुलिस को बताया कि एक युवती उसे लगातार कॉल कर अपने घर में वाई-फाई लगवाने के लिए कॉल कर रही थी। गुरुवार को टाटीबंध के पास एक झोपड़ीनुमा मकान में युवती ने राघव को बुलाया और अपने साथ फिजिकल रिलेशन का दबाव बनाने लगी। राघव ने भागने की कोशिश की तो वहां पहले से मौजूद एक अन्य लड़के ने चाकू दिखाकर राघव के साथ मारपीट की अपने अकाउंट में जबरन आठ हजार रुपए पेमेंट गेटवे से ट्रांसफर करा लिए।

### आपसी रंजिश के चलते युवक से मारपीट

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ आपसी रंजिश के चलते मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, जसवंत तांडी ने अमन सिक्का के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। जसवंत ने पुलिस को बताया कि आपसी रंजिश के चलते अमन ने सेंट पॉल चर्च के पास उसका रास्ता रोककर मारपीट की।

### एक्सीडेंट में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत

**रायपुर।** विधानसभा थाना क्षेत्र में मवेशी से टकराकर बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल



महिला की एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मवेशी से टकराकर गंभीर रूप से घायल महिला छपोरा बाई की मौत हुई है। घटना दो माह पूर्व की है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

**रायपुर।** आमानाका थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, दुर्ग कुम्हारी निवासी विशाल सिंह की एक्सीडेंट में मौत हुई है। विशाल अपनी बाइक से जा रहा था। इस दौरान चंदनीडीह, शीतला मंदिर के पास अज्ञात वाहन ने विशाल की दोपहिया को ठोकर मार दी। विशाल को उपचार के लिए एम्स अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## चल रही खुलकर मनमानी, अफसर कार्रवाई से बच रहे, रोज निकल रही 2000 ट्रक से ज्यादा रेत

# मुट्ठी में ठहर ही नहीं रही रेत, खदानें खुलीं, फिर भी 12 हजार वाले ट्रक की कीमत 20 हजार तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

रेत की खदानों में उत्खनन का काम शुरू हुए 50 दिन से अधिक हो चुका हैं। इसके बाद भी रेत की कीमत में थोड़ी ही गिरावट आई है। रेत अभी भी प्रति हाईवा 18 हजार से लेकर 22 हजार रुपए तक बाजार में बिक रही है, जबकि सामान्य दिनों में प्रति हाईवा 10 से 12 हजार रुपए में ही रेत बिकती है। इस तरह खदानों में उत्खनन का काम शुरू होने के बाद भी रेत की बढ़ी कीमतों से आम लोगों को राहत नहीं मिल पाई है। इधर रेत खदानों से प्रतिदिन हजारों की संख्या में रेत से भरी हाईवा गाड़ियां निकल रही हैं, जिससे जिले में रेत की किल्लत भी खत्म हो चुकी है, लेकिन कारोबारी अभी भी मनमानी कीमत पर ही रेत बेचकर जमकर मुनाफा कमा रहे हैं। इस पर संबंधित विभाग और प्रशासन दोनों ने फिलहाल आंखें मूंद रखी हैं, जिसका फायदा कारोबारी उठा रहे हैं।

### 3 दिन में 24 गाड़ी पकड़ी गई

जिले में रेत का अवैध परिवहन भी धड़ल्ले से जारी है। खनिज विभाग की टीम भी जिले में लगातार दिन और रात में निरीक्षण कर अवैध परिवहन में संलिप्त रेत से भरी गाड़ियों को पकड़ रही है। खनिज प्रभारी निरीक्षक रघुनाथ भारद्वाज के नेतृत्व में टीम ने 3, 4 एवं 5 दिसंबर को जिले के खरोरा, मंदिर हसौद, अभनपुर, ऊपरवारा, नयापारा क्षेत्र में बिना रायल्टी पर्ची के रेत का परिवहन कर ले जा रही 18 हाईवा गाड़ियों को पकड़ा है, वहीं एक अन्य टीम द्वारा 6 गाड़ियों को पकड़ा गया। इन सभी गाड़ियों के मालिकों पर कुल 7 लाख रुपए का अर्थदंड लगाया गया है।

## खदानों में उत्खनन शुरू होने के बाद भी आम लोगों को नहीं मिली राहत



### ठेकेदार व रेत के बड़े कारोबारियों की मोटी कमाई

खदान ठेकेदार और बड़े कारोबारियों को रेत से मोटी कमाई हो रही है। खदान के ठेकेदार को उत्खनन, लोडिंग से लेकर रायल्टी मिलाकर प्रति हाईवा रेत करीब 6 हजार रुपए पड़ रही है, तो वहीं बड़े कारोबारियों को 8 से 10 हजार रुपए रेत की कीमत चुकानी पड़ रही है। इस तरह ठेकेदार और बड़े कारोबारियों को रेत से मोटी कमाई हो रही है।

### शिकायत पर जांच कर कार्रवाई करेंगे

कोई कारोबारी रेत अधिक कीमत पर बेच रहा है, तो इसकी शिकायत आने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। ऐसी कोई शिकायत अभी आई नहीं है।

**- केके गोलघाटे,** उप संचालक खनिज विभाग रायपुर

### कीमत पर नियंत्रण नहीं

रेत की कीमत पर खनिज विभाग और प्रशासन का नियंत्रण नहीं है। यही कारण है कि ठेकेदार से लेकर बड़े एवं छोटे कारोबारी भी मनमानी कीमत पर रेत बेच रहे हैं। हालांकि अफसरों का इस मामले में यही कहना है कि रेत की कीमत को नियंत्रित करने के लिए कोई नियम नहीं है, लेकिन शिकायतें मिलने पर कार्रवाई जरूर की जाएगी।

### खदान से 6 हजार रुपए कीमत से निकल रही प्रति हाईवा रेत

रायपुर जिले में रेत खदानों पर एनजीटी का प्रतिबंध 15 अक्टूबर से हट गया है। इसके बाद से जिले में स्वीकृत 13 खदानों में से 9 खदानों पर उत्खनन का काम शुरू हो चुका है। इन खदानों से प्रतिदिन दो हजार से ज्यादा रेत हाईवा निकाली जा रही है। इस तरह जिले में अब रेत की डिमांड के अनुसार पर्याप्त मात्रा में सप्लाई की जा रही है। खदान से प्रति हाईवा रेत की बात करें, तो रायल्टी पर्ची कटाकर 6 हजार रुपए ठेकेदार को पड़ती है, जो बाजार के माध्यम से आम आदमी को 18 से 22 हजार रुपए में मिल रही है। हालांकि कुछ छोटे कारोबारियों ने बताया कि ट्रांसपोर्टिंग भाड़ा मिलाकर उन्हें रेत 15 से 17 हजार रुपए पड़ रही है। इस कारण वे भी 18 से 22 हजार रुपए कीमत पर रेत बेच रहे हैं।

## रानू साहू के करीबी एनजीओ संचालक को ईडी ने किया गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डीएमएफ फंड घोटाला मामले में गुरुवार को ईडी ने जेल में बंद निलंबित आईएएस रानू साहू तथा माया वारियर के करीबी एनजीओ संचालक मनोज कुमार द्विवेदी को गिरफ्तार कर ईडी की स्पेशल कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने चार दिन की रिमांड पर लिया है। मनोज पर आरोप है कि उसने डीएमएफ ठेका दिलाने के नाम पर दूसरे ठेकेदारों से करीब 11 से 12 करोड़ रुपए रानू तथा माया तक पहुंचाया है। साथ ही मनोज पर डीएमएफ का ठेका दिलाने के नाम पर ठेकेदारों से सात से आठ करोड़ रुपए अवैध कमाई करने का आरोप है। मनोज का उदगम सेवा समिति नाम से एनजीओ संचालित हो रहा है।

- डीएमएफ ठेका दिलाने के एवज में ठेकेदारों से लेन-देन करने का आरोप

ईडी ने कोर्ट में तर्क पेश करते हुए कहा है कि रानू साहू कोरबा जिले में मई 2021 से जून 2022 में कलेक्टर थी। उस दौरान रानू ने माया वारियर की पोस्टिंग आदिवासी विकास विभाग में करवाई थी। माया कोरबा में अगस्त 2021 से मार्च 2023 आदिवासी विकास विभाग में सहायक आयुक्त के पद पर पदस्थ थी। इस दौरान दोनों ने संगठित तरीके से डीएमएफ में अनियमितता कर घोटाले को अंजाम दिया। ईडी के आरोपों के मुताबिक मनोज कुमार ने रानू साहू तथा माया के करीबी होने का फायादा उठाते हुए ठेकेदारों से साठ-गांठ कर उन्हें ठेका दिलाने के नाम पर पैसा वसूल कर रानू तथा माया तक पहुंचाने का काम किया।

# स्टेशनों में रेल नीर का संकट, नागपुर से पानी प्रति कैरेट 6 रुपए महंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आईआरसीटीसी का रेल नीर प्लांट बंद होने के बाद रेलवे ने वैकल्पिक व्यवस्था तो बना दी है, लेकिन इसके बाद भी स्टेशन में नेल नीर का संकट खत्म नहीं हुआ है। वेंडर्स के मुताबिक नागपुर से शुरू की गई सप्लाई के बाद प्रति कैरेट पानी बोतल का दाम 126 रुपए हो गया है। पहले यह 120 रुपए में मिलता था। इस दर पर न तो सप्लायर लेने को तैयार है और न ही ट्रेनों से ही डिमांड आ रही है। स्टॉल संचालक भी इसे लेने में आनाकानी करने लगे है, क्योंकि रेट बढ़ने से कमाई की मार्जिन और कम हो जाएगी। रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में रेल नीर पानी बोतल की सप्लाई नहीं होने से आम जनता को परेशानी होने लगी है। इसे दूर करने के लिए रेलवे प्रशासन ने अब तक कोई ठोस पहल नहीं की है। इधर आईआरसीटीसी ने नागपुर स्थित रेल नीर प्लांट से पानी बोतल की सप्लाई तो शुरू कर दी है, लेकिन प्रति कैरेट 6 रुपए दाम बढ़ा दिया है।

- नागपुर रेल नीर प्लांट से पानी बोतल की सप्लाई शुरू, लेकिन रेट बढ़ने से वेंडर्स हटे पीछे



### डीलर और सप्लायर दोनों परेशान

बढ़ी हुई दर पर कोई भी रेल नीर पानी नहीं लेना चाहता। डीलर और सप्लायर परेशान हैं। आईआरसीटीसी ने 2000 कैरेट पानी बोतल मंगवाया जिसे सप्लायर ने जोन के रेलवे स्टेशन के बाहर गार्ड लॉबी के सामने रखवाया है। यह यहीं पर डंप है। इसे काले रंग के कवर कैप से ढंककर रखा गया है। दूसरी तरफ वंदेभारत एक्सप्रेस के डंप 500 एमएल वाले बोतल के 833 कैरेट की सप्लाई होने के फौरन बाद सिरगिट्टी स्थित रेल नीर प्लांट को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है।

### नागपुर में भी पानी का शार्टेज

बिलासपुर का रेल नीर प्लांट तो जोन में पानी की आपूर्ति पूरी नहीं कर पा रहा है तो फिर नागपुर या जबलपुर का प्लांट कैसे पूर्ति कर पाएगा। वैसे भी नागपुर में पानी का शार्टेज है। भरी गर्मी में तो यहां पर परेशानी खड़ी हो जाएगी। ऐसे में आम जनता परेशान होगी। रेलवे जोन के कई छोटे स्टेशनों में अब भी रेल नीर पानी बोतल नहीं मिलता है। अब बड़े स्टेशनों में भी यात्रियों को पानी के लिए परेशानियों का सामना कर पड़ेगा। ट्रेन में चलने वाले यात्रियों की सबसे बड़ी जरूरत पानी ही होती है ऐसे में अगर उन्हें पानी नहीं मिलेगा तो वे परेशान होंगे। वैसे भी सैकड़ों छोटे स्टेशनों में जहां पर दिन भर में 10-20 पानी बोतल ही बिकते हैं वहां तो निजी कंपनियों के लोकल ब्रांड के पानी बोतल ही बिकते हैं।

## 12वीं पास जालसाज ने सीए से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठग लिए 94 लाख



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शेयर ट्रेडिंग, क्रिप्टो करेंसी के नाम पर ठगी करने की जितनी भी घटनाएं सामने आई हैं, उनमें से ज्यादातर मामलों में जालसाज ने ग्रेजुएशन तक नहीं किया है। जालसाज बातचीत में इतने माहिर होते हैं कि वो अपने ठगी के जाल में सीए, डॉक्टर, कारोबारी से लेकर उच्च शिक्षित वर्ग के साथ बड़े ही आसानी के साथ ठगी कर लेते हैं। एक ऐसे ही मामले में रेंज साइबर पुलिस ने 12वीं पास जालसाज को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। जालसाज ने पेशे ▶▶|शेष पेज 13 पर

- सीए के साथ जालसाज ने अक्टूबर में की थी ठगी

### मैसेज भेजकर झांसे में लिया

पुलिस के अनुसार अब्दुल रहमान ने सीए के साथ ठगी करने उनके मोबाइल में पहले मैसेज भेजा। सीए द्वारा मैसेज का रिप्लाई देने के बाद जालसाज ने शेयर ट्रेडिंग में भारी मुनाफा दिलाने का झांसा देकर अपने आपको शेयर ट्रेडिंग एक्सपर्ट बताकर उससे शेयर ट्रेडिंग के नाम पर अपने अकाउंट में रकम ट्रांसफर कराकर ठगी का शिकार बनाया। सीए को उस पर ▶▶|शेष पेज 13 पर

# रायपुर से हैदराबाद के लिए दो नई फ्लाइट अब दिल्ली के बाद सर्वाधिक उड़ान यहीं के लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से दिल्ली के बाद सर्वाधिक चार उड़ानें हैदराबाद के लिए संचालित होंगी। रायपुर-हैदराबाद के लिए दो नई फ्लाइट का संचालन दस जनवरी से किया जाएगा। दोनों फ्लाइट शेड्यूल के अनुसार सुबह और शाम को संचालित होंगी। रायपुर से हैदराबाद जाने वाले यात्रियों की संख्या अधिक है, इसे ध्यान में रखते हुए यहां फ्लाइट की संख्या बढ़ाई गई है।

रायपुर एयरपोर्ट से अभी सर्वाधिक 6 उड़ान का संचालन दिल्ली के लिए किया जाता है। मुंबई, कोलकाता जैसे शहरों के लिए तीन-तीन फ्लाइट प्रतिदिन आवाजाही करती है। हैदराबाद के लिए अभी दो फ्लाइट है, जिसमें भी बड़ी संख्या में यात्री सफर करते हैं। ठंड के सीजन में यात्रियों की संख्या और बढ़ने की संभावना को ध्यान में रखते हुए रायपुर के लिए सर्वाधिक फ्लाइट का संचालन करने वाली निजी एयर लाइंस कंपनी इंडिगो ने इस सेक्टर में अपनी तीसरी और चौथी उड़ान की घोषणा एक साथ कर दी है। दोनों फ्लाइट की आवाजाही दस जनवरी से शुरू होगी और ट्रैवल्स कारोबारियों को टिकट बुक करने के लिए सूचना दी गई है। इन फ्लाइट के शुरू होने के बाद हैदराबाद दूसरा शहर होगा, जहां के लिए रायपुर से आवाजाही के लिए यात्रियों के पास चार उड़ानों का विकल्प होगा।

### यात्रियों की संख्या ज्यादा, सुबह-शाम के शेड्यूल में होगी संचालित



### अन्य शहरों की संभावना भी

रायपुर से पुनः दो बड़ी एयरलाइंस कंपनी द्वारा फ्लाइट का संचालन किए जाने के बाद नए शहरों की उड़ान की संभावना बढ़ गई है। विमान शुरू करने के लिए कुछ कंपनियों द्वारा नए सेक्टरों में सर्वे करने और कुछ के एप्रूवल के लिए डीजीसीए के पास प्रस्ताव भी भेजा गया है। इनमें पुराने शहरों के साथ कुछ नए सेक्टरों का भी प्रस्ताव भी शामिल है। अनुमान है कि जनवरी-फरवरी में इसकी शुरुआत की जा सकती है।


### सुबह साढ़े आठ बजे आएगी

*व्यास हॉलीडेज के संचालक कीर्ति व्यास ने बताया कि फ्लाइट 6ई 7554 हैदराबाद से सुबह 6.45 बजे उड़ान भरकर 8.30 बजे रायपुर पहुंचेगी। इसकी वापसी 6ई 7555 के रूप में 8.50 बजे होगी और हैदराबाद में लैंडिंग 10.45 बजे की होगी। शाम के वक्त यह फ्लाइट 6ई 75333 बनकर हैदराबाद से 4.35 बजे टेकऑफ होगी और 6.15 बजे रायपुर में उतरेगी। वापसी के दौरान 6ई7534 रायपुर से 6.35 बजे उड़ान भरकर रात 8.25 बजे हैदराबाद एयरपोर्ट पर उतरेगी।*

# नमी ज्यादा, नहीं लौटी ठंड, दिन से ज्यादा रात का तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी की वजह से राजधानी में ठंड का वापसी नहीं हो पाई। रात के तापमान में गिरावट के बजाय वह दिन की तुलना में अधिक हो गया। अभी राज्य में बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है। दो से तीन दिनों तक



बादल छाए रहने और बूंदाबांदी होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक अनुमान था कि हवा की दिशा में बदलाव होने से राज्य में ठंड की वापसी होगी। हवा बदली, मगर उत्तर होने के बजाय दक्षिण-पूर्व हो गई, जिससे नमी का आना कम नहीं हुआ और ठंड के बजाय गर्मी जैसी स्थिति बनी रही है। पिछले चौबीस घंटे में रायपुर में यह स्थिति रही कि रात का तापमान लुढ़कने ▶▶|शेष पेज 13 पर


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# आंबेडकर अस्पताल के आधुनिक सुविधाओं वाले नए एकीकृत भवन के लिए 231 करोड़ का ई-टेंडर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मरीजों से ओवरलोड हो रहे आंबेडकर अस्पताल के आधुनिक सुविधाओं वाले नए भवन के निर्माण के 231 करोड़ का ई-टेंडर जारी कर दिया गया है। सात सौ बिस्तर के एकीकृत अस्पताल भवन का निर्माण सीजीएमएससी द्वारा किया जाएगा। निर्माण के बाद मरीजों को यहां सुपरस्पेशलिटी उपचार की सुविधा प्राप्त होगी और भर्ती मरीजों के लिए बिस्तरों की किल्लत की परेशानी भी दूर हो जाएगी।

आंबेडकर अस्पताल के पुराने भवन में विस्तार की संभावना नहीं होने और मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए राज्य बजट में सात सौ बिस्तर के एकीकृत अस्पताल भवन की योजना को मंजूरी दी गई थी। भवन का निर्माण मेडिकल कालेज के पुराने छात्रावास के स्थान पर किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर इसके निर्माण के लिए बड़ा कदम उठाया गया है।


स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर सीजीएमएससी द्वारा निर्माण के लिए ई-टेंडर जारी कर दिया गया है। इस टेंडर के संबंध में विस्तृत जानकारी 10 दिसंबर के बाद सीजीएमएससी की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। प्री-बिड मीटिंग 19 दिसंबर होगा और 2 जनवरी तक ऑनलाइन निविदा जमा किया जा सकेगा, टेंडर 6 जनवरी को खुलेगा।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर स्वास्थ्य सेवाओं का वृहद विस्तार



### सर्वसुविधा वाला अस्पताल : जायसवाल

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि इस एकीकृत अस्पताल के निर्माण से आंबेडकर अस्पताल के अतिरिक्त भी लोगों के पास सर्वसुविधा वाला हास्पिटल रहेगा। इसके माध्यम से रायपुर सहित पूरे प्रदेश के लोगों को इलाज की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं का इजाफा करना उनकी प्राथमिकता है।



### सात मंजिला अस्पताल में ओटी, आईसीयू भी

बनाया जाने वाला यह भवन सात मंजिला होगा। यहां एमसीएच सहित अन्य विभागों के मरीजों के लिए वार्ड बनाए जाएंगे। मरीजों की आवश्यकता के अनुसार हर मंजिल में ऑपरेशन थियेटर और आईसीयू की सुविधा भी होगी। बनने वाले इस नए भवन में वर्तमान और भविष्य की तमाम जरूरतों को ध्यान में रखते हुए संसाधन जुटाने की योजना है। नए अस्पताल भवन के हिसाब से यहां चिकित्सक सहित अन्य स्टाफ के लिए सेटअप भी स्वीकृत किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए विष्णु

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शुक्रवार को राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर परिसर के महर्षि वाल्मीकि उत्सव मंडप में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय ने व्यास पीठ पर विराजमान आचार्य पवन नन्दन जी द्वारा कही जा रही श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने आचार्य पवन नन्दन जी से आशीर्वाद ग्रहण किया और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उल्लेखनीय है कि श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन श्रीराम मंदिर परिसर में 02 दिसंबर से 08 दिसंबर तक किया जा रहा है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कथा के आयोजकों सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

### मेरा संविधान मेरा अभिमान पर व्याख्यान आज

**रायपुर।** संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर शनिवार को मेरा संविधान मेरा अभिमान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर सांसद व पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल शामिल होंगे। कार्यकम के मुख्य वक्ता राज्यसभा सांसद व सुप्रसिद्ध विचारक व लेखक राकेश सिंहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता रविवि के कुलपति डॉ. सच्चिदानंद शुक्ला व विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर उपस्थित रहेंगे।

### संविधान के कारण दबे-कुचले समाज को मिल रहा है महत्व



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन ने संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि विभिन्न स्थानों पर मनाई। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और कहा, बाबा साहब के लिखे गए संविधान के कारण ही हमारा दबा-कुचला समाज आगे बढ़ रहा है तथा अपनी पहचान बना रहा है। इसी से समाज के मुखिया को प्रतिनिधित्व देने के लिए राजनीतिक दल मजबूर हैं। हमारे समाज में तेजी से जागृति आ रही है, यही वजह है कि देश के प्रधानमंत्री पिछड़ा वर्ग से हैं और मुख्यमंत्री आदिवासी वर्ग से हैं। इस अवसर पर विभिन्न समाज के मुखिया और महिला प्रतिनिधि उपस्थित रहे, इनमें शहर जिला धोबी समाज के अध्यक्ष वरुण निर्मलकर, डॉ. एलपी बनर्जी, देवचरण साहू, ललित साहू, छत्तीसगढ़ तर्कशील परिषद की अध्यक्ष कविता मानिकपुरी, महासचिव पार्वती साहू समेत अनेक दिग्गज नेता शामिल हुए और पिछड़ा जगाओ अभियान राज्यभर में चलाने का आव्हान किया।

## राजपत्र में आदेश अधिसूचना, अध्यादेश की अनुमति, निर्णय का अधिकार सचिव को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब सचिवों के अब साधारण राजपत्र की तरह असाधारण राजपत्र में प्रकाशन संबंधी अनुमति और निर्णय लेने का अधिकार दिया गया है। राज्य के मुख्य सचिव ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। इसके साथ ही ये निर्देश भी दिए गए हैं कि असाधारण राजपत्र में आदेश, अधिसूचना, अध्यादेश आदि के प्रकाशन के लिए किस तरह कार्यवाही करना है।

### अब सचिव करेंगे ये काम

सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव,सचिव और विशेष सचिव के लिए आदेश जारी किया है। इसी आदेश में यह बताया गया है कि भारसाधक सचिवों को किस तरह की कार्यवाही असाधारण राजपत्र के संबंध में करनी है। कहा गया है कि अत्यावश्यक और महत्वपूर्ण संक्षिप्त सूचनाएं ही आवश्यकतानुसार राजपत्र में प्रकाशित की जाएं। असाधारण राजपत्र में प्रकाशन के लिए प्रस्ताव पूर्ण औचित्य के साथ व असाधारण राजपत्र में प्रकाशन के कारण सहित प्रशासकीय अनुमोदन प्राप्त करने के बाद ही विभागीय सचिव, सक्षम अधिकारी(उपसचिव) के हस्ताक्षर से भेजे जाएं। सीमाबद्ध प्रकरणों में निर्णय लेने में शीघ्रता की जाए ताकि साधारण राजपत्र में समयबद्ध रीति से प्रकाशन हो सके व असाधारण राजपत्र में प्रकाशन की जरूरत ही न रहे।

### प्रदेश सहप्रभारी विजय जांगिड़ ने ली प्रभारियों और जिलाध्यक्षों की बैठक

# निकाय-पंचायत चुनाव की तैयारी में कांग्रेस भी जुटी, निष्क्रिय पदाधिकारी होंगे बाहर

हरिभूमि न्यूजः रायपुर



प्रदेश में नए साल में होने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस ने भी तैयारी प्रारंभ कर दी है। चुनाव का ऐलान अभी नहीं हुआ है, लेकिन संभावना है इस माह में कभी भी चुनाव का ऐलान हो जाएगा। ऐसे में अब कांग्रेस भी तैयारी में जुट गई है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह सचिव एवं छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने राजीव भवन में अपने प्रभार के 11 जिलों के प्रभारी एवं जिला अध्यक्षों की बैठक ली। कांग्रेस की संगठन को मजबूत करने के लिए निष्क्रिय पदाधिकारियों को बाहर भी करने की तैयारी है। इनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया जाएगा।

राजीव भवन में हुई बैठक में विजय जांगिड़ ने कहा, नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव के लिए सभी अपने क्षेत्रों में तैयारियां शुरू कर दें। ब्लॉक, जोन, सेक्टर के आधार पर बैठक तुरंत शुरू की जाए। उन्होंने जिलों एवं ब्लॉकों की मासिक बैठक के निर्णयों की समीक्षा भी की। उन्होंने निचले स्तर तक संगठन को सक्रिय करने एवं सभी को अपने प्रभार क्षेत्रों में लगातार दौरा करने के निर्देश दिए। बैठक में रायपुर, बेमेतरा, बलौदाबाजार, महासमुंद, खैरागढ़, कवर्धा, बिलासपुर, जांजगीर, मुंगेली, सारंगढ़ जिलों की बैठकें हुई।

बैठक में प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, अशोक राज आहूजा, दिनेश यदु, गिरीश दुबे, बंशी पटेल, विजय पांडे, रश्मि चंद्राकर, डॉ. करूणा कुर्रे, उधोराम वर्मा, हितेन्द्र ठाकुर सहित पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाया जाएगा : जांगिड़

विजय जांगिड़ ने एक साल में हार की हैट्रिक को लेकर कहा, मैं इसे हार की हैट्रिक नहीं मानता, जीत हार तो रहती है। उपचुनाव में सत्ताधारी दल को अपर हैंड होता है। हमने बहुत मजबूती से रायपुर दक्षिण का उपचुनाव लड़ा। उन्होंने कहा, निकाय चुनाव में जीतने की क्षमता वालों को ही टिकट देंगे। युवाओं, महिलाओं को पर्याप्त अवसर दिया जाएगा। टीएस सिंहदेव के बयान श्री जांगिड़ ने कहा, टीएस सिंहदेव की चिंता नहीं यह उनका चिंतन है। हम नए लोगों को लाकर संगठन को और मजबूत करेंगे। निकाय चुनाव में कांग्रेस कड़ी चुनौती देने की स्थिति में होगी। श्री जांगिड़ ने कहा, निष्क्रिय कांग्रेस पदाधिकारियों को हटाया जाएगा। नए युवा चेहरों को मौका दिया जाएगा।

## शहीद वीरनारायण सिंह का शहादत दिवस 10 को

**रायपुर।** शहीद वीरनारायण सिंह की प्रतिमा स्थापित कराने वाले राज्य आंदोलनकारियों द्वारा शहादत स्थल जय स्तंभ चौक पर बलिदान दिवस 10 दिसंबर को प्रतिवर्ष की भांति मनाने का निर्णय लिया गया है। जहां प्रसिद्ध पंडवानी कलाकार चेतन देवांगन का शहीद वीरनारायण सिंह की वीरगाथा पर आधारित पंडवानी कार्यक्रम होगा। साथ ही राष्ट्रीय स्तर के अनेक लोक कलाकारों का भी कार्यक्रम होगा। साहित्यकार, बुद्धिजीवियों द्वारा शहीद वीरनारायण सिंह की वीरता, शौर्यगाथा पर संगोष्ठी भी होगी। कार्यक्रम की शुरुआत 10 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से होगी और शाम 5 बजे तक कार्यक्रम चलेगा। संध्या 5.30 बजे दीप जलाकर सामूहिक रूप से पुष्पांजलि दी जाएगी। यह जानकारी कार्यालय सचिव अशोक कश्यप ने दी।

## आयुष्मान कार्ड बनाने राम पंचायत में आज शिविर




**रायपुर।** राजेंद्र नगर, अमलीडीह, महावीर नगर पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा केनाल रोड पुल 56 फीट ऊंची श्री झूलेलाल प्रतिमा प्रांगण में आयुष्मान कार्ड बनाने शिविर शनिवार को लगाया जा रहा है। इस संबंध में पंचायत के मुखी गिरीश लहेजा ने बताया कि शासन द्वारा निशुल्क इलाज की सुविधा नागरिकों को देने आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। राम पंचायत द्वारा इसके लिए सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक कैंप लगाया जा रहा है, समाजजन यहां आकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं।

# संजय श्रीवास्तव बोले- कांग्रेस ने बार बार संविधान की धज्जियां उड़ाईं




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, आज जो कांग्रेसी संविधान बचाने के नाम पर देशभर में शोर मचाते घूम रहे हैं, उनके राजनीतिक चरित्र का सच यह है कि उन्होंने संविधान को हर मौकों पर ताक पर रखा और महज राजनीतिक विरोध के कारण भाजपा और दीगर गैर-कांग्रेसी सरकारों को मनमाने ढंग से बर्खास्त करने में कोई हिचक नहीं दिखाई।

एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, आज जिस निर्लज्जता के साथ कांग्रेस संविधान और लोकतंत्र की दुहाई दे रही है, उस कांग्रेस ने एक तो संवैधानिक ढांचे को तहस-नहस करते हुए साम्प्रदायिक तुष्टीकरण की सबसे गंदी मिसाल पेश की, दूसरे लोकतांत्रिक ढंग से चुनी गई उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश की भाजपा की चार राज्य सरकारों को रातों-रात बर्खास्त करके लोकतंत्र की खुले आम हत्या तक की थी जिसे बाद में जबलपुर हाई कोर्ट ने अवैध ठहराया था। हालांकि निर्णय आते तक विधानसभा का कार्यकाल भी समाप्त हो गया था।

श्री श्रीवास्तव ने कहा कि इससे भी अधिक शर्मनाक तो यह है कि बाबरी ढांचा ढहने के अगले दिन 7 दिसबंर 1992 को तत्कालीन प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव ने संसद में कहा था कि मस्जिद को गिराना बर्बर कार्य था, हमारी सरकार इसका पुनर्निर्माण करवाएगी। यह संविधान की भावनाओं के एकदम विपरीत था। श्री श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस ने श्रीराम जन्मभूमि स्थल पर मस्जिद बनाने का वादा किया हुआ है। आज ही के दिन अयोध्या में विवादास्पद ढांचा ढहने के बाद कांग्रेस ने बिना कारण उत्तर प्रदेश के अलावा तीन अन्य भाजपा सरकारों को बर्खास्त कर संविधान का गैर-विवादास्पद ढांचा ढहा दिया था ।

### व्यवसाय के लिए दिया जाने वाला लोन

# बैंकों में पीएम स्वनिधि योजना के तहत बहुत कम लोगों को मिल रहा लोन, कलेक्टर ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत व्यवसाय करने एवं बढ़ाने के लिए दिए जाने वाला लोन लोगों को आसानी से मिल नहीं पा रहा है। यही कारण है कि जिले के बैंकों में आवेदनों की तुलना में बहुत कम लोगों के लोन को स्वीकृति दी गई है।

कलेक्टर गौरव सिंह ने शुक्रवार को रेडक्रास सभाकक्ष में डीएलसीसी की बैठक ली। इस बैठक में इस योजना से संबंधित लोन प्रकरणों की जानकारी बैंकों के प्रतिनिधियों ने रखी, जिसे सुनने के बाद कलेक्टर ने इस पर नाराजगी भी जताई।




### योजना का लाभ देने ज्यादा से ज्यादा लोगों के लोन स्वीकृत करें

बैठक में सभी बैंकों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कलेक्टर ने बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत दिए गए ऋण की जानकारी बैंकों के प्रतिनिधियों से मांगी। सभी बैंक प्रतिनिधियों ने अपने-अपने बैंक से इस योजना के तहत लोन लेने के लिए आए आवेदनों तथा परीक्षण के बाद लोन देने के आंकड़ों से कलेक्टर को अवगत कराया। इन आंकड़ों के अनुसार बैंकों में आए आवेदनों की तुलना में बहुत कम लोगों को लोन दिए गए हैं। इन आंकड़ों को देखकर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और निर्देश दिए हैं कि इस योजना का ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिलना चाहिए। इसके लिए आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण करें, ताकि लोगों को इस योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने विशेषकर महिला समूहों को लोन प्रदान करते समय प्रक्रियाओं को सरल करने के लिए कहा, ताकि योजना का उन्हें लाभ मिल सके।

### स्लम बस्तियों व उसके आसपास लगाए जाएंगे कैमरे

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि स्लम बस्तियों और उसके आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके लिए बैंकों के सीसीएसआर मद का इस्तेमाल करने में सहयोग किया जाए। उन्होंने, बैंकों को डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देते हुए रायपुर को डिजिटल जिला बनाने के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप उपस्थित रहे।

शोक संदेश



श्री छेदीलाल जी बजाज

श्याम मंदिर, रायपुर के संस्थापक एवं बजाज परिवार के मुखिया,
समता कॉलोनी निवासी
हमारे पूज्य पिताजी श्री छेदीलाल जी बजाज
का स्वर्गवास शुक्रवार दिनांक 06.12.2024 को हो गया हैं।

उनकी अंतिम यात्रा आज शनिवार दिनांक 07.12.2024
को सुबह 10 बजे, हमारे निवास स्थान -
सूखा झाड़ गली, समता कॉलोनी, रायपुर
से मारवाड़ी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।


शोकाकुल
कैलाश, किशन, विनय बजाज (पुत्र), अजय, जय बजाज (भतीजे)
केशव, मोहित, उदय, विकास विजय, अमित, विशाल, अंकित, अंकुर बजाज (पौत्र)
किरण-श्याम सुन्दर, चंदा-गोपाल, अनीता-महेश, संगीता-प्रभुदयाल, सबिता-शंकर
सारिका-अजय (बेटी-दमाद), खुशबू-अनमोल, दीक्षा-ऋषभ (पोती-दमाद)
माँ जानकी, माँ शाहजो, ऋचा, सृष्टि (पोती), साइसा (परपोती) एवं समस्त बजाज परिवार

MAHESHWARI

## निधन

### छेदीलाल बजाज

रायपुर। समता कॉलोनी निवासी, श्याम मंदिर के संस्थापक छेदीलाल



बजाज (90) का 6 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 7 दिसंबर को सुबह 10 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे कैलाश, किशन, विनय के पिता थे।

### गंगा बाई धीवर

रायपुर। हनुमान मंदिर के पास मठपारा निवासी गंगा बाई धीवर



(65) का 6 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे दुर्जन लाल धीवर की पत्नी एवं गेंदूराम, गेंदलाल, वीरेंद्र, योगेश, मनीष, सीमा, विकास की माता थीं।

### केशा मिश्रा

रायपुर। विक्रम नगर पिटु चौक भनपुरी निवासी केशा मिश्रा का 5



दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम सस्कार 6 दिसंबर को भनपुरी मुक्तिधाम में किया गया। वे सुरेंद्र मिश्रा, वीरेंद्र मिश्रा की बहन और प्रवीण, नवीन मिश्रा की माता थीं।

### लखीचंद अग्रवाल

रायपुर। रामसागर पारा निवासी लखीचंद अग्रवाल (83) का 5



दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे रमेश अग्रवाल, स्व. विनोद अग्रवाल के पिता थे।

### पृथ्वीराज सिंह सोलंकी

रायपुर। महोबा बाजार निवासी



पृथ्वीराज सिंह सोलंकी का 5 दिसंबर को निधन हो गया। वे शिवेंद्र सिंह, नवराज सिंह के पिता थे।

### रीतू तिवारी

रायपुर। नहरपारा निवासी रीतू तिवारी का निधन हो गया। उनकी



अंतिम यात्रा 7 दिसंबर को दोपहर 12 बजे निवास से देवेंद्र नगर श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र तिवारी, कृष्ण कुमार की भाभी तथा अभिषेक, अभिनव, अंकुर की माता थीं।

### किरण देवी जैन

रायपुर। टाटीबंध निवासी किरण



देवी जैन का 4 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी पार्थिव देह एम्स रायपुर को दान की गई। वे उत्तम चंदजी देशलहरा की पत्नी थीं।

### डोमार धर दीवान

रायपुर। डोमार धर दीवान (धुसेरा



वाले) का 6 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे आशीष और मनीष दीवान के पिता थे।

### सैय्यद अनवर अली

रायपुर। सैय्यद अनवर अली



अन्नू मुर्गी वाले का 5 दिसंबर को इंतेकाल हो गया। जनाजे की नमाज के बाद उन्हें मौदहापारा कब्रिस्तान में सुपुर्दे-खाक किया गया। वे अफसर भाई, पापा भाई के बहनोई थे।

# बांड पोस्टिंग के साथ फिर गरमाया पीजी स्टाइपेंड से कम वेतन मिलने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

चिकित्सा विशेषज्ञों का स्वास्थ्य केंद्रों में बांड पोस्टिंग के आर्डर जारी होने के बीच एक बार फिर कम वेतन का मामला गरमाने लगा है। बांडेड डाक्टरों ने तर्क दिया है कि उन्हें पीजी अंतिम वर्ष के दौरान 74600 छात्रवृति मिलती है और अनुबंध सेवा के दौरान 69000 रुपए वेतन दिया जाता है। इस वेतन विसंगति को दूर करने के लिए उनके द्वारा स्वास्थ्य एवं वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव से मुलाकात की गई है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा हाल ही में बड़ी संख्या में चिकित्सा विशेषज्ञों की नियुक्ति की गई है, जिसके साथ ही वेतन का मामला फिर सामने आ गया है। स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पताल में नियुक्त किए डाक्टरों ने छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन के नेतृत्व में स्वास्थ एवं वित्त विभाग के अधिकारियों से मिलकर वेतन विसंगति में सुधार किए जाने की मांग की है।

उन्होंने तर्क दिया है पिछले साल वृद्धि किए जाने के बाद तृतीय वर्ष के छात्रों 74600, द्वितीय वर्ष के दौरान 72 हजार और प्रथम वर्ष में 69 हजार स्टाइपेंड मिलता है। पढ़ाई पूरी करने के बाद जब उनकी नियुक्ति दो साल की बांड अवधि के दौरान हेल्थ सेंटरों में होती है, तो उन्हें फर्स्ट ईयर की तरह 69 हजार रुपए वेतन दिया जाता है, को विसंगति है। उन्होंने अधिकारियों से इस बारे में हस्तक्षेप करने की मांग की है।

### अंतिम वर्ष की छात्रवृत्ति 74600, बांडेड का मानदेय 69000

#### एमपी, ओडिशा, महाराष्ट्र का हवाला

सौंपे गए ज्ञापन में डाक्टरों ने मध्यप्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र के सिस्टम का हवाला देकर पीजी डाक्टर के स्टाइपेंड और अनुबंधित चिकित्सकों की सैलरी में हर वर्ष वृद्धि किए जाने की मांग की है। वेतन वृद्धि के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक को आधार बनाने का जिक्र है। तर्क दिया गया है कि ऐसा करने से प्रदेश में डाक्टरों के बीच पनपने वाला असंतोष दूर हो जाएगा।




*2019 में नहीं बढ़ा : डाक्टर फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह लोधी ने बताया कि वर्ष 2019 में विद्यार्थियों के स्टाइपेंड में वृद्धि हुई मगर बांडेड डाक्टरों का वेतन नहीं बढ़ाया गया था। इसकी वजह से तृतीय वर्ष की पढ़ाई के दौरान बांड सेवा की तुलना में छात्रवृति की राशि अधिक मिलने लगी। इस वेतन विसंगति को दूर करने की कई बार मांग की जा चुकी है मगर अब तक इसके लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है।*

## अक्टूबर के त्योहारी सीजन का भी रिकॉर्ड टूटा

# इतिहास में पहली बार प्रदेश में एक ही माह नवंबर में बिके एक लाख से ज्यादा वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्रदेश में ऑटोमोबाइल सेक्टर में नवंबर ने एक ऐसा इतिहास रच दिया है जैसा पहले कभी नहीं हुआ। इस एक माह में रिकॉर्डतोड़ एक लाख से ज्यादा वाहन बिके हैं। इसके पहले कभी इतने वाहन एक माह में नहीं बिके। बीते साल नवंबर में त्योहारी सीजन होने के कारण रिकॉर्ड 91 हजार वाहन बिके थे। नवंबर में इस बार त्योहारी सीजन भी नहीं था, उसके बाद भी रिकॉर्ड वाहन बिके। अक्टूबर में एक साथ नवरात्रि, पुष्य नक्षत्र, धनतेरस और दीपावली सभी एक ही माह में होने के कारण इस माह रिकॉर्ड 63 फीसदी वाहन ज्यादा बिके हैं और इसका आंकड़ा 85 हजार के करीब रहा, लेकिन इस रिकॉर्ड को तोड़ते हुए नवंबर ने एक नया ही इतिहास रच दिया। इसके पीछे एक बड़ा कारण किसानों के पास धान खरीदी का पैसा आना भी है।

अपने प्रदेश में वाहनों की बिक्री लगातार बढ़ रही है। इस साल नए साल के प्रारंभ से ही बिक्री ने रिकॉर्ड बनाने का क्रम प्रारंभ किया है। पहले माह जनवरी में ही 23.63 फीसदी वाहन ज्यादा बिके। बीते साल जनवरी में 46472 वाहन बिके थे, जबकि इस साल 57455 वाहन बिके। इसके बाद फरवरी में बीते साल के 41754 वाहनों के मुकाबले इस फरवरी में 53614 वाहन बिके जो बीते साल से 28.40 फीसदी ज्यादा हैं। मार्च में इस बार 59546 वाहन बिके, जबकि बीते साल 45548 वाहन बिके थे। इस साल 30.73 प्रतिशत की ग्रोथ रही। अप्रैल से नए सत्र का आगाज हुआ तो इस माह भी ग्रोथ जारी रही। अप्रैल में तो बीते तीन माह से ज्यादा 46.37 फीसदी वाहन ज्यादा बिके। बीते साल 39983 वाहन बिके थे, जबकि इस अप्रैल 58522 वाहन बिके। मई में 56115 वाहन बिके जबकि बीते साल 39462 वाहन बिके थे। इस माह 42.20 फीसदी की ग्रोथ रही। जून में मई के मुकाबले कम वाहन बिके, लेकिन ये बीते साल से 28.76 फीसदी ज्यादा रहे। बीते साल जून में जहां 42080 वाहन बिके थे, वहीं इस साल 54182 वाहन बिके। जुलाई में जून से ज्यादा ग्रोथ रही। इस माह ग्रोथ बीते साल से 38.54 फीसदी ज्यादा रही। बीते साल जुलाई में 40149 वाहन बिके थे। इस साल 55622 वाहन बिके। अगस्त में जुलाई के मुकाबले ग्रोथ कम हो गई। लेकिन फिर भी यह बीते साल से 20.25 फीसदी ज्यादा रही। बीते साल अगस्त में 39331 वाहन बिके थे, इस साल 47297 वाहन बिके। सितंबर का माह ही एक ऐसा माह है जिसमें बीते साल से 4.45 फीसदी वाहन कम बिके। इसके पीछे का कारण यह रहा कि इस माह पितृ पक्ष होने के कारण लोगों ने वाहन कम खरीदे।

### नवंबर ने रचा इतिहास

अक्टूबर का माह आटोमोबाइल सेक्टर के लिए सबसे ज्यादा अच्छा रहा। इस एक ही माह में नवरात्रि, पुष्य नक्षत्र और धनतेरस होने के कारण सबसे ज्यादा वाहन बिके। बीते साल दीपावली नवंबर में होने के कारण अक्टूबर में कम वाहन बिके थे और नवंबर में ज्यादा वाहन बिके थे। बीते साल अक्टूबर में 52070 वाहन बिके थे, जबकि इस साल 84839 वाहन बिके। अक्टूबर का रिकॉर्ड नवंबर में टूट गया। इस माह रिकॉर्ड एक लाख आठ वाहन बिके हैं। इसमें सबसे ज्यादा 86552 बाइक बिकी है। इसके बाद 3626 ट्रैक्टर बिके हैं। कारों की बिक्री तीसरे नंबर पर रही। कारें 3503 बिकी हैं। बिक्री के मामले में राजधानी रायपुर हमेशा की तरह पहले नंबर पर है। यहां पर सबसे ज्यादा 15196 वाहन बिके हैं। दूसरा नंबर रायगढ़ का है यहां पर 7583 वाहन बिके। तीसरे नंबर पर जांजगीर चांपा है जहां पर 6492 वाहन बिके हैं।



### एक माह में इतने वाहन पहली बार बिके

एक माह इतने ज्यादा वाहन बिकने का पंजीयन पहली बार हुआ है। इसके पहले एक ही माह में कभी भी एक लाख वाहन नहीं बिके हैं।

- **विवेक गर्ग,** अध्यक्ष, छतीसगढ़ फाडा

# बिना व्यवस्था तूता में धरना प्रदर्शन को मंजूरी, पेयजल के लिए तरस रहे प्रदर्शनकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नया रायपुर के ग्राम तूता धरना स्थल पर पेयजल की अब तक कोई व्यवस्था नहीं की गई है, जिसके कारण यहां धरना-प्रदर्शन करने वाले लोगों को पेयजल की एक-एक बूंद के लिए तरसना पड़ रहा है।

प्रशासन ने तूता में पानी की व्यवस्था तो की ही है, लेकिन पीने का पानी की अब तक कोई व्यवस्था नहीं की है, जिसके कारण प्रदर्शनकारी सुबह से शाम तक प्यासे रहकर प्रदर्शन कर रहे हैं या फिर दुकान से पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। तूता में पिछले चार दिन से अपनी मांगों को लेकर प्रदेशभर के नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं, जो पेजयल के लिए तरस रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने शुक्रवार को अपनी मूल मांगों के साथ पेजयल की मांग को लेकर निगम मुख्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने महापौर व निगम आयुक्त के नाम पर निगम अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा।

*हड़ताल से निगम की व्यवस्थाएं चरमराई, आम लोग परेशान*

*प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल का असर अब राजधानी रायपुर में भी पड़ने लगा है। कर्मचारियों के काम पर नहीं लौटने से मूलभूत सुविधाएं प्रभावित होने लगी है, जिसके कारण आम लोग भी परेशान हो रहे हैं। हड़ताल के कारण घर-घर से कचरा लेने पहुंचने वाली गाड़ियों से लेकर अतिक्रमण तोड़ने, सरकारी संपत्तियों पर लगे अवैध बैनर-पोस्टरों को हटाने, ठेला-गुमटी हटाने की कार्रवाई भी थम सी गई है। इसके साथ ही साफ-सफाई व्यवस्था भी चरमरा गई है, जिसके कारण शहर के अनेकों वार्डों में सड़कों से लेकर नुक्कड़ों, खाली मैदानों एवं नाली-नालों के पास गंदगी का नजारा देखने को मिल रहा है।*

### नियमित सफाई कर्मचारियों के समर्थन से निगम की बढ़ी परेशानी

प्लेसमेंट कर्मचारियों के समर्थन में निगम के कई नियमित सफाई कर्मचारी भी हड़ताल पर हैं। इसके कारण शहर की सफाई व्यवस्था भी चरमाने लगी है। हालांकि इस हड़ताल से दिल्ली की रामकी कंपनी से जुड़े कर्मचारी हड़ताल पर नहीं हैं। शहर में अभी इस कंपनी के कर्मचारी ही सफाई व्यवस्था का काम संभाले हुए हैं, लेकिन इनकी संख्या भी वार्डों में कम देखी जा रही है। इसके कारण वार्ड में नियमित रूप से सफाई फिलहाल नहीं हो पा रही है।

# डामरीकरण हुए कुछ दिन ही बीते, बिजली केबल बिछाने फिर खोद दी सड़क, परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर में पुलिस लाइन से आगे चांदनी चौक से लेकर बूढ़ेश्वर चौक तक की सड़क पर डामरीकरण कर इसका नवीनीकरण किया गया। नवीनीकरण के कुछ दिन बाद ही इस सड़क को फिर खोद दिया गया है। जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव ने बताया कि सड़क पर विद्युत लाइटें लगाई जानी हैं, जिसके लिए केबल बिछाने का काम होना है। इसी के लिए सड़क की खुदाई की जा रही है। यह खुदाई जरूर केबल बिछाने के लिए की जा रही है, लेकिन गौर करने वाली बात यह है कि यह काम डामरीकरण होने के बाद किया जा रहा है, जबकि यह कार्य पहले से प्रस्तावित था। ऐसे में डामरीकरण होने से पहले यह काम पूर्ण होना था, लेकिन अफसरों की लापरवाही के कारण अब कुछ दिन पूर्व बनाई गई नई सड़क को खोदकर फिर खराब किया जा रहा है।

- गौर करने वाली बात यह है कि यह काम डामरीकरण होने के बाद किया जा रहा

राजधानी रायपुर में शासकीय पैसों का किस तरह से बर्बाद किया जाता है। यह तो नगर निगम और लोक निर्माण विभाग द्वारा डामरीकरण का किए गए कार्य उजागर करते हैं। शहर में बूढ़ातालाब के श्मशान घाट तरफ की सड़क को सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इसके लिए सड़क में कुछ दिनों पूर्व ही डामरीकरण का कार्य किया गया था। यह कार्य पूर्ण होने के बाद सड़क को सुंदर बनाने के लिए सड़क के किनारों को सफेद रंग से पेंट की पट्टी बनाई गई है। इसका काम पूर्ण होने के तुरंत बाद अब सड़क के एक तरफ फिर केबल बिछाने के लिए खुदाई की जा रही है। अफसरों से जानकारी मिली कि यहां विद्युत लाइटें लगाई जाएगी,लेकिन केबल बिछाने के लिए नई हो चुकी सड़क को फिर खोदा जा रहा है, जिससे इसकी सुंदरता फिर खराब हो रही है।

### डामरीकरण के 24 घंटे बाद सिविल लाईन में भी खोद दी गई नई सड़क

शहर में यह पहला मामला नहीं है, जिसमें डामरीकरण होने के बाद नई सड़क को खोद दिया गया हो। इससे पूर्व भी करीब सालभर पहले सिविल लाईन क्षेत्र में न्यू सर्किट हाउस के पीछे वाली सड़क का डामरीकरण का कार्य को 24 घंटे ही बीते थे, कि उस सड़क को पाइप लाइन बिछाने के लिए दोबारा खोद दिया गया था। इस सड़क पर डामरीकरण का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा किया गया था।

## पवार क्षत्रिय महासंघ की महिला कार्यकारिणी का हुआ गठन



रायपुर। अखिल भारतीय पवार क्षत्रिय महासंघ महिला प्रदेश कार्यकारिणी छत्तीसगढ़ का गठन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विशाल बिसेन के मार्गदर्शन और मा. खुशाल कटरे व सुनील गौतम के मार्गदर्शन में सर्वसम्मति से प्रदेश महिला कार्यकारिणी का गठन हुआ। बैठक में मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवाओं के विकास के लिए, आजीविका और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए दिसंबर में करियर काउंसिलिंग व गाइडेंस वर्कशॉप आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया। इसके साथ महिलाओं की ज्वलंत समस्याओं और उनके उत्थान के लिए विशेष कार्ययोजना व जिला स्तर पर विकास के लिए समान कार्यकारिणी गठन की योजना बनाई गई। अध्यक्ष डॉ. प्रीति बिसेन ने कहा, हर नई शुरुआत उन्नति, शिक्षण और प्रखरता का अनमोल अवसर है।" नई कार्यकारिणी समाजहित के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

# विक्षिप्त ने चलाया ताबड़तोड़ हथौड़ा आठ गंभीर घायल, महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खरोरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार एक विक्षिप्त युवक ने एक महिला की हथौड़ा मारकर हत्या कर दी। विक्षिप्त के हमले से आठ लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। घायलों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। घायलों का उपचार खरोरा अस्पताल में चल रहा है।

- विक्षिप्त युवक को घेरकर लाठी-डंडों से भीड़ ने पीटा
- कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने पाया काबू

पुलिस के मुताबिक, कोरसी में मानसिक रूप से विक्षिप्त देवेंद्र पटेल उर्फ डब्बू को 54 वर्षीय महिला कीर्ति साहू की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। देवेंद्र शाम 5 बजे के करीब गांव की गलियों में हथौड़ा लेकर घूम रहा था। इस दौरान उसने अचानक ही शोर मचाना शुरू किया और पास से गुजर रही कीर्ति के सिर पर हथौड़े से हमला कर दिया। हमले से बुरी तरह से घायल कीर्ति की मौके पर ही मौत हो गई। देवेंद्र ने कीर्ति की हत्या करने के बाद राह में आने-जाने वालों को भी हथौड़ा मारने दौड़ाया। इस दौरान मौके पर भगदड़ की स्थिति निर्मित हो गई।

### आरोपी की घेरकर पिटाई

घटना के बाद गुस्साए लोगों ने देवेंद्र को चारों तरफ से घेरकर काबू में किया। इस दौरान भीड़ में शामिल लोग देवेंद्र की लाठी-डंडों से बुरी तरह से पिटाई करने लगे। मौके पर उपस्थित महिलाएं देवेंद्र को पकड़कर पुलिस के हवाले करने की मांग करने लगी। घटना की



जानकारी मिलने के बाद पुलिस देवेंद्र को हिरासत में लेकर थाने ले गई।

### थाने में जमकर मचाया उत्पात

जानकारी के मुताबिक, देवेंद्र को अपने कब्जे में लेने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, तब कहीं जाकर पुलिस देवेंद्र को थाने ले जा सकी। थाने पहुंचने के बाद भी देवेंद्र पुलिस के कब्जे से छूटकर भागने की कोशिश करने लगा। मौके पर उपस्थित पुलिसकर्मियों ने देवेंद्र को जैसे-तैसे कर काबू में किया और लॉकअप के अंदर बंद किया। बताया जा रहा है, देवेंद्र लॉकअप के अंदर भी हंगामा कर रहा था।

## बिजनेस साइट

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने छग पुलिस के साथ वेतन पैकेज पर किया एमओयू

रायपुर। बैंक ऑफ बड़ौदा ने छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ वेतन पैकेज के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता 4 दिसंबर 2024 को छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ।

समझौते के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा पुलिस जवानों के लिए विशेष लाभ प्रदान करेगा, जिसमें 10 लाख रुपए का इनबिल्ट लाइफ इंश्योरेंस कवर और 130 लाख रुपए तक का एक्सीडेंटल इंश्योरेंस शामिल है। इसके अलावा मृतक पुलिसकर्मियों के बच्चों की शिक्षा के लिए विशेष सहायता का भी प्रावधान किया गया है। इस मौके पर बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य रक्षा बैंकिंग सलाहकार, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) रणबीर सिंह सलारिया और महाप्रबंधक एवं जोनल प्रमुख, रायपुर जोन दिवाकर प्रसाद सिंह ने छत्तीसगढ़ पुलिस की ओर से एसआरपी कल्लूरी, आईपीएस (आईजीपी एडमिन) के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए।




# बरौदा में निकाली विश्व एड्स जागरूकता रैली

- कोलंबिया कॉलेज ऑफ नर्सिंग का आयोजन



रायपुर। कोलंबिया कॉलेज ऑफ नर्सिंग टेकारी रायपुर द्वारा ग्राम बरौदा में विश्व एड्स जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में कॉलेज के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

रैली के दौरान विभिन्न स्लोगन और पोस्टरों के माध्यम से एड्स के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और जागरूकता फैलाने में सहयोग दिया। छात्र-छात्राओं ने घर-घर जाकर लोगों को एड्स के बारे में जानकारी दी और इस संक्रमण से बचने के उपायों के बारे में बताया।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 7 दिसंबर 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937


02



राम जी से पूछे जनकपुर के नारी...

## कैंपस इवेंट

# एड्स से बचाव के लिए छात्राओं ने निकाली जनजागरुकता रैली




रायपुर। डॉ.राधाबाई शासकीय नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इसके अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान एमए हिंदी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा दीक्षा देवांगन रही। एड्स के रोकथाम एवं जागरूकता विषय पर छग एड्स नियंत्रक समिति की असिस्टेंट डॉयरेक्टर रमा पटेल का व्याख्यान आयोजित किया गया। उन्होंने एड्स पीड़ित लोगों को शासकीय योजनाओं के बारे में बताया और एड्स को कैसे रोक सकते हैं इसके बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर राज्य शासन की उन योजनाओं के संदर्भ में बताया गया, जो एड्स पीड़ितों के लिए लाभदायी हैं।

### सार्वजनिक स्थानों में नुक्कड़ नाटक

इसके अलावा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्राओं ने जनजागरुकता रैली निकालकर एड्स के कारण एवं रोकथाम विषय पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सार्वजनिक स्थानों जैसे अंतराज्यीय बस स्टेशन, भाठागांव और बजरंग चौक पर जाकर लोगों को एड्स की भयावहता और उसके परिणाम के प्रति जागरूक किया। संचालन रेड रिबन क्लब की नोडल ऑफिसर डॉ.निशा बारले द्वारा किया गया। डॉ.श्वेता बोरा, डॉ.भूपेंद्र साहू सहित अन्य प्राध्यापकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, ग्रंथपाल, क्रीड़ाधिकारी, कार्यालयीन अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## आराधना

# जिनालय में फहराएंगे नई ध्वजा स्नात्र पूजा संग अठारह अभिषेक




**रायपुर**। नवा रायपुर के जैनम मानस भवन स्थित देव विमान तीर्थ श्री धर्मनाथ स्वामी जिनालय में तृतीय वर्षगांठ मनाई जा रही है। इसके अंतर्गत 2 दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया गया है। शुक्रवार को महोत्सव के पहले दिन सुबह 8 बजे स्नात्र पूजा और अठारह अभिषेक कराया गया। सभी अनुष्ठान विनय कुशल मुनि, जयपाल विजय, प्रियदर्शी विजय और विराग मुनि समेत साध्वी वृंदों के पावन सानिध्य में संपन्न हो रहा है। दोपहर 12.36 बजे ऋषि महामंडल पूजन किया गया। शाम 7 बजे से प्रभु भक्ति का कार्यक्रम भी रखा गया था।

### पूजन-अनुष्ठान पश्चात स्वामी वात्सल्य

नरेश जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए अभी तकरीबन 35-40 साधु-साध्वियां जैनम मानस भवन में विराजमान हैं। शनिवार को सुबह 7 बजे से स्नात्र पूजा, फिर ध्वजा की सित्तरभेदी पूजा होगी। इस मौके पर जिनालय स्थित चतुर्मुखी कीर्ति स्तंभ पर जिन प्रतिमा की प्रतिष्ठा की जाएगी। फिर जिनालय पर नई ध्वजा फहराई जाएगी। शिखर पर ध्वजा चढ़ाने वालों में जैनम मानस समिति सहित कई परिवार शामिल रहेंगे। इन क्रियाओं से जुड़े विधान लाभार्थी परिवार द्वारा संपन्न कराए जाएंगे। पूजन-अनुष्ठान के बाद स्वामी वात्सल्य का इंतजाम भी किया गया है।

## एजूकेशन अपडेट

# बीएड-डीएलएड प्रवेश के लिए अंतिम चरण का आबंटन जारी




**रायपुर**। छत्तीसगढ़ राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने डीएलएड, बीएड, बीएबीएड और बीएससीबीएड पाठ्यक्रम 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया के अंतिम चरण की तिथियां घोषित कर दी है। जिन अभ्यर्थियों ने पूर्व चरणों में प्रवेश नहीं लिया है, वे निःशुल्क तथा जो पहली बार पंजीयन कर रहे होंगे वे निर्धारित राशि के शुल्क के साथ किसी महाविद्यालय अथवा संस्था का 7 दिसंबर 2024 को सुबह 10:30 बजे से 12 दिसंबर 2024 तक अपने विकल्प ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी एससीईआरटी की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### द्वितीय सूची का प्रकाशन 23 को

अंतिम चरण की प्रथम सूची का प्रकाशन 12 दिसंबर 2024 को किया जाएगा। महाविद्यालय में प्रवेश की तिथि 12 से 16 दिसंबर 2024 को शाम 5 बजे तक निर्धारित है। इसी प्रकार द्वितीय सूची का प्रकाशन 19 दिसंबर 2024 एवं महाविद्यालय में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 22 दिसंबर 2024 शाम 5 बजे तक होगी। अंतिम सूची की प्रकाशन 23 दिसंबर 2024 को एवं अंतिम प्रवेश की तिथि 24 दिसंबर 2024 को शाम 5 बजे तक होगी। विस्तृत जानकारी के लिए एससीईआरटी रायपुर की आधिकारिक वेबसाइट **https://scert.cg.gov.in** पर देखा जा सकता है। अभ्यर्थी चिप्स के आधिकारिक वेबसाइट **https://slcm.cgstate.gov.in/SCERTOnline/** पर जाकर निर्धारित पंजीयन की कार्यवाही कर सकते हैं।

## शहर के बड़े होटल और रेस्त्रां में बुकिंग शुरू, अधिकतर जगह फैमिली और कपल को ही एंट्री

# बॉलीवुड डीजे बैंड में झूमेंगे यंगस्टर्स, होटलों में थीम बेस्ड डेकोरेशन, परोसेंगे विदेशी पकवान, बच्चों के लिए खास जोन

दिसंबर का महीना शुरू होते ही युवाओं ने न्यू ईयर को लेकर काउंटडाउन शुरू कर दिया है। 2024 की विदाई और नए साल 2025 के स्वागत के लिए शहर के प्रमुख होटल सजने लगे हैं। इस बार भी शहरवासी डीजे की धुन पर थिरकने के साथ लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठा सकेंगे। नए साल को यादगार बनाने के लिए होटलों में दिल्ली-मुंबई से आर्केस्ट्रा और डीजे टीम के साथ ही बॉलीवुड कलाकार भी बुलाए जाने की तैयारी है। सभी होटलों को बड़े ही आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा।





**रायपुर**। होटल में कपल, फ्रेंड्स और परिवारिक माहौल के लिए अलग से न्यू ईयर सेलिब्रेशन पार्टी होगी। कुछ होटलों में इन दिनों बाहर से बुलाए जाने वाले मेहमानों की लिस्ट भी तैयार की जा रही है। इसके अलावा कुछ होटल प्रबंधक ने पार्टी को लेकर ऑनलाइन बुकिंग भी शुरू दी है। बड़ी संख्या में लोग अभी से पास खरीद रहे हैं। 31 दिसंबर की रात शहर के मुहूर्त रिसॉर्ट में बॉलीवुड सिंगर व बिग बॉस की पूर्व कंटेस्टेंट जसलीन मथारू लाइव प्रस्तुति देंगी। इसके लिए बुकिंग शुरू हो चुकी है। यहां थीम बेस्ड सजावट की जाएगी। शाम 7 बजे से देर रात नए साल का उत्सव मनाया जाएगा। रात 12 बजे केक काटा जाएगा। साथ ही आतिशबाजी भी होगी। 31 दिसंबर को लजीज व्यंजनों में ऑफर और कैंडल नाइट डिनर की व्यवस्था की जा रही है।

### पांच घंटे तक लाइव परफॉर्मेंस

राजधानी के जेवल पार्क में 31 दिसंबर की रात बॉलीवुड डीजे बैंड की धुन पर न्यू ईयर की पार्टी होगी। महानगरों में यह डीजे काफी पसंद किया जाता है। इस बार शहर में यह डीजे लोगों को झूमने पर मजबूर करेगा। रात 8 बजे से पांच घंटे तक लाइव प्रस्तुति बैंड देगी। ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो चुकी है, जिसकी कीमत 1999 से 8999 तक है। कपल और फैमली के लिए अगल-अगल टिकट निर्धारित है।

### लाइव म्यूजिक बैंड संग लाइव सिंगिंग

हर बार की तरह इस बार भी ललित महल में भव्य रूप से नए साल का उत्सव मनाया जाएगा। इवेंट कंपनी यहां बॉलीवुड कलाकार भी बुलाए जाने की तैयारी कर रही है। यहां दिल्ली-मुंबई से आर्केस्ट्रा और डीजे टीम मुख्य आकर्षण रहेगा। इवेंट कंपनी के अनुसार, डांस, मस्ती और धमाल के लिए लाइव म्यूजिक बैंड, लाइव सिंगिंग की व्यवस्था की तैयारी है। नववर्ष का आगाज बड़े ही शानदार ढंग से करने की योजना बनाई जा रही है, जिसमें अधिक से अधिक लोग शामिल हो सकें।



### डीजे के साथ लजीज व्यंजनों का लुत्फ

होटल कोर्टयार्ड मैरियट में पिछले साल की तरह इस बार भी नए साल में इंटरनेशनल डीजे को बुलाने की तैयारी है। होटल प्रबंधक के मुताबिक, नए साल के सेलिब्रेशन में सभी उम्र के लोगों का ध्यान रखा जाएगा। बच्चों के लिए किड्स प्ले जोन बनेगा। 31 दिसंबर को इंटरनेशनल डीजे के साथ लोगों को लजीज व्यंजनों का लुत्फ भी मिलेगा। इसके लिए नए-नए व्यंजनों की लिस्ट भी बनाई जा रही है, जो आम दिनों में लोगों को नहीं परोसे जाते।



### कपल्स के लिए कैंडल लाइट डिनर

नए साल में डीजे पार्टी के साथ कपल के लिए कैंडल लाइट डिनर भी आकर्षण का केंद्र रहेगा। होटल हयात में भी नए साल के स्वागत में कैंडल लाइट डिनर, लाइव म्यूजिक की व्यवस्था रहेगी। डीजे पार्टी को लेकर तैयारी चल रही है। साथ ही होटल में लोग लजीज व्यंजनों का भी लुत्फ उठा सकेंगे। नए साल के स्वागत में होटल को आकर्षक ढंग से सजाने के साथ ही बफे भी आकर्षक रहेगा।

### छोटे रेस्त्रां और होटलों में भी व्यवस्था

नए साल के स्वागत के लिए होटल और कैफे को थीम बेस्ड सजाए जाने की तैयारी है। कहीं फूलों से तो कहीं जंगल थीम पर होटल सजाए जाएंगे। इवेंट टीम द्वारा थीम बेस्ड ही प्लान तैयार किया जा रहा है। इसमें सजावट के साथ ही 31 दिसंबर को होने वाले आयोजनों की रूपरेखा भी बनाई जा रही है। साथ ही आने वाले मेहमानों के लिए पास की एंट्री फीस तय की जा रही है। छोटे होटलों और रेस्त्रां में भी नववर्ष के लिए खास तरह की व्यवस्था की जा रही है।

पं.जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजन

# व्हाइट कोट सेरेमनी : एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्रों ने ली महर्षि चरक शपथ, यह चिकित्सा की आचार संहिता

रायपुर। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस प्रथम वर्ष में नव प्रवेशित विद्यार्थियों को चिकित्सा आचार संहिता की शपथ दिलाने के लिए "व्हाइट कोट सेरेमनी" का वृहद गौरवशाली आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल रमेन डेका की गरिमामयी उपस्थिति रही। पं.नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि एमबीबीएस प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित 230 छात्र-छात्राओं को राज्यपाल महोदय की उपस्थिति में चिकित्सा आचार संहिता महर्षि चरक शपथ दिलाया जाना महाविद्यालय के लिए बड़े गौरव की बात है। मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अरविंद नेरल ने मेडिकल प्रोफेशन के क्रियान्वयन के समय निभाए जाने वाले नैतिक मूल्यों और आदर्शों की जानकारी दी। डॉ. नेरल ने कहा कि मरीज दवाइयों के अलावा एक आदर्श चिकित्सक से अपनत्व, मुस्कुराहट और मित्रवत व्यवहार की अपेक्षा रखते हैं। मेडिकल साइंस सभी विज्ञानों में सबसे अधिक मानवीय और सभी मानविकी में सबसे अधिक वैज्ञानिक होता है। एक डॉक्टर ताउम्र विद्यार्थियों की तरह सीखता रहता है। अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी ने चरक आचार संहिता की शपथ विद्यार्थियों को दिलाई, उनके द्वारा कहे गए शब्दों को नवप्रवेशित 230 छात्र-छात्राओं ने अपना दाहिना हाथ उठाकर दोहराया।



### गोल्ड मेडल में लड़कियों का कब्जा

एमबीबीएस चिकित्सा पाठ्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। मेडल हासिल करने वाले विद्यार्थियों में लड़कियों की संख्या लड़कों से अधिक रही। निहारिका पाल , रीना सरकार, मोहम्मद काशिफ इमाम, मुस्कान, अली असगर नकवी, पलक केजरीवाल, आशिति तिवारी, खुशी गोविंदानी, मिथलेश बंजारे, वीरापनेनी श्रुति, पूर्वा कृष्णानी, विपुल इंचुलकर, सौम्या सिन्हा और अनुष्का दुबे को गोल्ड मेडल प्रदान किए गए।

### मूल कारण जानने की कला में निपुण हो चिकित्सक

मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका ने चिकित्सा छात्रों को व्हाइट कोट समारोह की महत्ता बताते हुए कहा कि आज आपने जो शपथ ली है, उसका सदैव स्मरण करना अति आवश्यक है। चिकित्सा का क्षेत्र सेवा के साथ-साथ एक गरिमामयी प्रोफेशन है जिसमें "यह व्हाइट कोट बेदाग रहे," इस बात का ध्यान रखना आवश्यक होता है। चरक संहिता एवं व्यक्तिगत जीवन से जुड़े कुछ अनुभवों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि एक चिकित्सक को बीमारी के मूल कारणों को जानने की कला में निपुण होना चाहिए। बतौर चिकित्सक मरीज के गोल्डन ऑवर में जीवन रक्षा के लिए बेहतर निर्णय लेने की क्षमता होनी चाहिए। राज्यपाल ने वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मियों के चिकित्सा सेवा, साहस और कार्य की सराहना करते हुए कहा कि आप सभी ने मानव सेवा के लिए जो कुछ भी किया वह अतुलनीय है।

# डॉ.आंबेडकर ने प्रशस्त किया समानता का मार्ग

रायपुर। भारतीय संविधान के शिल्पकार भारतरत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस शुक्रवार को डॉ.भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय में मनाया गया। इस अवसर पर चिकित्सालय परिसर में स्थापित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया गया। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि भारतीय संविधान के निर्माता, महान समाज सुधारक, बुद्धजीवी और चिंतक बाबा साहब के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। यह हम सबके लिए गर्व की बात है कि प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय चिकित्सालय का नाम बाबा साहेब के नाम पर रखा गया है। उन्होंने समानता का मार्ग प्रशस्त करते हुए लोगों के अधिकारों के लिए सदैव संघर्ष किया। इस अवसर पर आंबेडकर अस्पताल के सहायक अधीक्षक डॉ.अनिल बघेल, आहरण एवं संवितरण अधिकारी डॉ.डीके टंडन तथा आपात चिकित्सा अधिकारी डॉ.विनय वर्मा समेत अस्पताल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बाबा साहब को श्रद्धासुमन अर्पित किए।



कार्नर न्यूज

## रंग मंदिर सभागार में राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आगाज

# शास्त्रीय नृत्य व सेमीक्लासिकल वादन में गिटार के रिदम से सजा कलावत





*रायपुर। मधुबन में राधिका नाचे रे, गिरधर की मुरलिया बाजे रे.., मोहे पनघट पे नंदलाल छेड़ गयो रे... जैसे गीतों पर शास्त्रीय नृत्य की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति से कलावत का पहला दिन उत्साह से सराबोर रहा। किसी ने भरतनाट्यम तो किसी ने कथकली, कथक, ओडिसी, मणिपुरी, मोहिनीअट्टम, सत्रीय नृत्य के साथ कुचिपुड़ी की बेजोड़ प्रस्तुति से दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों से वाहवाही लूटी। यह सिलसिला सुबह 11 बजे से शुरू हुआ। इसमें बतौर प्रतिभागी शामिल होने के लिए इस बार भी पुणे, नागपुर, भिलाई, बालाघाट, दुर्ग, मुंबई के 300 प्रतिभागी तीन दिन तक शिरकत करने वाले हैं। गीत-संगीत और नृत्य की तालीम ले रहे कला पारखी भी दर्शक दीर्घा में बैठकर इसका लुत्फ उठा रहे हैं।*

### तीन दिन में 300 प्रस्तुति



विभिन्न शहरों के कला केन्द्रों में तालीम लेने वाले कलाकारों को नेशनल लेबल प्रतियोगिता से जोड़ने के लिए तीसरे वर्ष भी गोविंद लीला कला कौशल द्वारा तीन दिवसीय आयोजन का आगाज शुक्रवार को किया गया। आयोजन संस्था के अध्यक्ष संतोष तिवारी, उपाध्यक्ष मनोज कुमार साहू के साथ सचिव किरण साहू ने बताया कि इस बार 300 प्रतिभागियों ने भाग लेने के लिए पंजीयन कराया है। सभी का स्वागत कोट भेंट करके किया गया। इस प्रोग्राम की संयोजक ज्योति तिवारी ने पंजीकृत प्रतिभागियों को टोकन दिया।

### कला प्रेमियों को मिला माहौल

*शास्त्रीय गीत व नृत्य के धुरंधरों ने राग, तान को बंदिशों में पिरोते हुए लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। इस क्रम में गिटार, तबला और की-बोर्ड पर प्रस्तुति देने के लिए मंच पर एक-एक करके आने के बाद सभी प्रतिभागियों ने कला प्रेमियों को गीत-संगीत और नृत्य से जहां बेहतर माहौल दिया, वहीं लोगों का मनोरंजन करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। क्लासिकल सिंगिंग करते हुए प्रतिभागियों ने भजन, लाइट म्यूजिक और संगीत से सराबोर किया। किसी भी प्रतिभागी को नाम से नहीं बल्कि टोकन नंबर के तहत ही मंच मिला।*

### कलाकारों को मंच देने पहल

*आयोजन संस्था के अध्यक्ष श्री तिवारी ने बताया कि हर वर्ग के प्रतिभागियों को मंच देने के लिए आयोजन का हिस्सा बनने का अवसर दिया जा रहा है। रंग मंदिर में यह सिलसिला शनिवार व रविवार को भी जारी रहेगा। इसमें हर विधा के पारखी लोगों को निर्णायक बनाया है। कलाकारों को उनकी प्रस्तुति के आधार पर नंबर मिले। इसमें भी पारदर्शिता रखने के लिए प्रतिभागी के नाम की जगह उनके टोकन नंबर को ही प्राथमिकता दे रहे हैं, ताकि निर्णय पर भी संशय की स्थिति न बने। इसमें हर वर्ग के लोग शामिल हुए हैं।*

## धर्म लाइव

# गाय के लौटने का जो समय वह ही गोधूली बेला, यह उत्कृष्ट मुहूर्त



**रायपुर।** श्री महामाया माता मंदिर सार्वजनिक न्यास पुरानी बस्ती के तत्वाधान में राम जानकी विवाह के उपलक्ष्य में नौवधा रामायण श्रीराम कथा जारी है। कथा वाचक पं. शंभू शरण लाटा महाराज ने कहा कि श्री राम की बारात अवध से मिथिला चली। जनकपुर में बारात का स्वागत भी हुआ। ब्रह्मा ने विवाह का मुहूर्त अगहन मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को तय किया। जिस घोड़े में प्रभु दूल्हा बनकर बैठे, वह घोड़ा कामदेव था। विवाह के पूर्व श्रीराम को हल्दी लगाई गई। हल्दी रोगों का निदान करने के लिए उपयोगी है। इसलिए विवाह के पूर्व वर-वधु को हल्दी लगाई जाती है।

### ब्रह्मा को हुआ दुख



प्रवचनकर्ता ने आगे बताया कि महाराज ने श्रीराम को दूल्हा बना देखने के लिए देवताओं में होड़ मची थी। ब्रह्मा के चार मुख हैं अर्थात उन्होंने आठ नेत्रों से दर्शन किए। कार्तिकेय के 6 मुख और 12 नेत्र हैं। उन्होंने वर के दर्शन किए तो ब्रह्मा को दुख हुआ कि मेरे से डेढ़ गुना दर्शन कार्तिकेय को प्राप्त हुआ है। इस दौरान शिव-पार्वती प्रसंग का भी जिक्र महाराज ने कथा श्रोताओं के बीच किया। पं. विजय झा सहित अन्य मंदिर सदस्यों ने व्यवस्था बनाने में सहयोग दिया।

## आराधना

# लाभांडी में प्रथम संयम कीर्ति स्तंभ सुनाए विद्यासागर के जीवन प्रसंग

**रायपुर।** लाभांडी जिनालाय में रायपुर के प्रथम संयम कीर्ति स्तंभ का लोकार्पण किया गया। इस दौरान मुनिश्री आगम सागर महाराज ने बीजाक्षर युक्त मंत्रों के उच्चारण से शांतिधारा का पठन किया। श्रीजी की आरती और आचार्य श्री विद्यासागर महाराज एवं विराजमान मुनि संघ को अर्घ समर्पित किया गया। श्री धैर्य सागर, मुनि आगम सागर व पुनीत सागर ने प्रवचन में गुरु की महिमा और जीवन में गुरु की महत्ता को बताते हुए संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्या सागर के प्रसंग सुनाए। जीवन में दान की महत्ता के साथ छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में आचार्य श्रीजी की समाधि होने से जीवन पर्यंत छत्तीसगढ़ को अमर होने की बात भी कही।

### विधान की पत्रिका का विमोचन

छत्तीसगढ़ के समाधि स्थल चंद्रगिरी में 1 से 6 फरवरी तक होने वाले सिद्धचक्र महामंडल विधान के बारे मे विस्तृत जानकारी देते हुए विधान में बैठने और पुण्यार्जन करने वाले पात्रों का चयन किया गया। साथ ही होने वाले विधान की पत्रिका का विमोचन रायपुर के मंदिरों के पदाधिकारियों व अथितियों द्वारा किया गया। लाभांडी में आचार्य विद्यासागर की प्रेरणा व आचार्य समय सागर के आशीर्वाद से हनुमान प्रसाद, राजकुमार, विनोद कुमार, दिलीप कुमार बड़जात्या एवं श्री पद्मप्रभ भक्त परिवार के सहयोग से निर्मित प्रथम संयम कीर्ति स्तंभ का लोकार्पण हुआ। इसमें समाज के लोग भारी तादाद में शामिल हुए।


## कैंपस इवेंट

# थाल सज्जा में तनु अव्वल विवाह थीम पर सजावट



**रायपुर।** विद्यार्थियों के कला संबंधित हुनर को मंच देने के उद्देश्य से गिफ्ट पैकंग और थाल सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन डागा कॉलेज में किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने अपने मनपसंद रंग एवं वस्तुओं के प्रयोग से सजावट की वस्तुएं तैयार की। इस दौरान 50 से अधिक छात्राओं की उपस्थिति रही। इसमें बीए, बीकॉम, बीएससी और बीसीए संकाय की छात्राओं ने भाग लिया। महाविद्यालय में विद्यार्थियों के रूचि अनुसार अनेक प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है, जिसमें विजेताओं को अंतिम दिन पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

### प्रतियोगिता के विजेता



पूजा थाल में तनु प्रथम, काजल साहू द्वितीय और रूपाली चक्रधारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं गिफ्ट पैकिंग में खिलेश्वरी प्रथम, तृप्ती द्वितीय और भूमिका रामटेके तृतीय विजेता रही। इस दौरान निर्णायक के रूप में डॉ. पद्मा शर्मा और डॉ. मनीषा यदु उपस्थित रहे। थाल सजाओ स्पर्धा में शादी थीम पर डेकोरेशन किया गया, जिसमें सगाई, मेहंदी हल्दी की थाल तैयार की गई। छात्राओं ने हल्दी, गुलाब की पंखुड़ी, स्टोन, लेस, सजावटी वस्तुओं से थाल को सजाया।

**विवाह पंचमी :** निभाई गई सीया-राम विवाह उत्सव की रस्में, घराती और बराती दोनों ही बने श्रद्धालु

# राम जी से पूछे जनकपुर के नारी, बता द बबुआ लोगवा देत कहे गारी...सीता को मिथिला से ना ले जाने आग्रह

आज मिथिला नगरिया निहाल सखिया...धन धन नगर अयोध्या, धनय राजा दशरथ...जैसे अनेक विवाह गीतों से मंदिर परिसर गूंज उठा। जय-जय श्री राम की गूंज भी मंदिर परिसर में सुनने को मिली। यह माहौल राम-जानकी विवाह के मौके पर शहर स्थित राम मंदिरों में रहा। विवाह पंचमी के मौके पर श्रद्धालुओं में उत्साह देखा गया। सुबह से ही श्रद्धालु दर्शनमात्र के लिए कतार में नजर आए। माता सीता एवं श्री राम के विवाह में भेट के साथ शामिल होने मंदिर पहुंचे।





**रायपुर।** राम जी से पूछे जनकपुर के नारी, बता द बबुआ लोगवा देत कहे गारी...मिथिला के वासियों ने अपने जमाई श्री राम के लिए प्रेम भाव से भजन गायन किया, जिसमें माता सीता को मिथिला से ना ले जाने की बात मिथिला की महिलाएं करती हैं। शहर स्थित दूधाधारी मठ, जैतूसाव मठ, गोपी दास मंदिर, वीआईपी रोड राम मंदिर में विवाह पंचमी धूमधाम से मनाया गया। देर रात तक भक्तों की भीड़ विवाह श्रृंगार दर्शन के लिए उपस्थित रही। सभी मंदिरों में देर शाम विवाह गीत का गायन चलता रहा, इस दौरान भक्तिभाव से श्रद्धालु भजनों की धून पर झूमते नजर आए।

### फूल एवं पकवान संग बारातियों का स्वागत



गोपीदास मंदिर के प्रमुख महंत एवं महिला समिति की महिलाओं द्वारा सुबह 11 बजे से विवाह उत्सव प्रारंभ किया गया। सर्वप्रथम गठबंधन के साथ पूजा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मिथिला एवं अवधपुर वासी मंदिर परिसर में उपस्थित रहे, जिन्होंने छत्तीसगढ़ी रीति-रिवाज के साथ विवाह पूर्ण किया। विवाह के दौरान मंदिर प्रांगण में फूलों के साथ मंडप तैयार किया गया, जिसके समक्ष जोरन, दहेज, श्रृंगार समाग्री एवं अन्य वस्तुएं रखी गईं। इस दौरान आकर्षण का केंद्र महिलाओं द्वारा भेट स्वरुप अर्पित की गई साड़ियां रही, जिसे महिलाएं बेटी स्वरुप माता सीता के लिए लेकर मंदिर पहुंची। बारातियों का स्वागत फूल एवं पकवान के साथ किया गया। जहां सीता माता सोलह श्रृंगार एवं स्वर्ण आभूषण में तैयार नजर आईं।

### सोहर गीत का गायन, पीले वस्त्रों से श्रृंगार



दूधाधारी मठ में गोधूलि बेला में पूजा विवाह पूजन की रस्म निभाई गई। इसके बाद अमलीडीह के भजन गायकों ने सोहर गीत का गायन किया। विवाह उत्सव की धूम देर रात तक मठ परिसर में बनी रही, जहां बच्चे, महिलाएं और युवक भारी संख्या में उपस्थित रहे। सुबह स्वर्ण एवं पीले वस्त्रों के साथ विशेष श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर 300 से अधिक नगरवासी विवाह में शामिल हुए। विवाह पूजन के दौरान मठ के पुजारी राम अवतार, राम छवि, राम शिरोमणि दास, राम भूषण दास, महंत रामसुन्दर दास उपस्थित रहे। संध्या आरती के पश्चात भजन गायन किया गया, जिसमें विवाह गीतों की धूम मची रही।

### स्वर्ण मुकुट से श्रृंगार

जैतूसाव मठ परिसर में सुबह 9 बजे गठबंधन के साथ विवाह उत्सव प्रारंभ किया गया। जहां महिलाओं द्वारा हल्दी से विवाह रस्मों की शुरूआत की गई। इस अवसर पर विशेष रूप से लड्डू का भोग प्रतिमा के समक्ष अर्पित किया गया। मठ के पुजारी सुमित तिवारी ने बताया, महिला समूह द्वारा विवाह संबंधित अनेक रस्में पूर्ण की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं की मौजूदगी में विवाह संबंधित भजन गायन किया गया। स्वर्ण-चांदी के मुकुट, मंगलसुत्र, नथनी, पायल, बिछिया, कमरधन, चुड़ी, माला और धनुष से विशेष श्रृंगार किया गया।

### फूलों से सजा राम मंदिर

वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर में विवाह उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। यहां सुबह से ही श्रद्धालु दर्शन के लिए मंदिर परिसर में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंदिर परिसर में युवा श्री राम-माता जानकी के भजन गायन करते नजर आए। फूलों से मंदिर को सजाया गया, साथ ही विशेष श्रृंगार भी किया गया। विवाह पंचमी में मुख्य आकर्षण का केंद्र 56 भोग रहा।

### विवाह पूर्व निकाली शोभायात्रा

लोधीपारा स्थित श्री राम-जानकी मंदिर से विवाह उत्सव के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीराम एवं माता जानकी की प्रतिमा स्थापित कर विवाह संस्कार, हरिद्रा लेपन व मातृका पूजन के साथ की गई। इस दौरान वैदिक विधि-विधान से विवाह संपन्न कराया गया, साथ ही हवन-पूजन कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान आकर्षण का केंद्र माता सीता एवं श्रीराम की झांकी रही। यात्रा के दौरान 500 से अधिक भक्तगण उपस्थित रहे। जो राम भजनों पर झूमते-नाचते नजर आए। एनराजा सहित श्री राम जानकी मंदिर परिवार के सभी सदस्य इसमें शामिल रहे।

# जलगांव से लाई गई मूर्ति, निकाली बाइक-कार रैली 8 से शुरू होगा धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला

**रायपुर।** देवपुरी के गोदड़ीवाला धाम में हर साल की तरह तीन दिवसीय बाबा गेलाराम जन्मोत्सव, सम्मेलन और धार्मिक अनुष्ठान का सिलसिला 8 दिसंबर से शुरू होने वाला है। इसके पहले जलगांव से लाई गई बाबा की मूर्ति के साथ भव्य शोभायात्रा संग बाइक व कार रैली धूमधाम से निकाली गई। हर वर्ग के श्रद्धालुओं ने निकाली गई रैली में उत्साह देखने लायक था। निकाली गई रैली गोदड़ीवाला धाम से होते हुए सिंधी धर्मशाला पहुंची। कटोरा तालाब पहुंचने पर संत कंवर राम परमार्थ समिति के अध्यक्ष अमित जीवन की अगुवाई में शानदार स्वागत किया गया। रैली के स्वागत से पहले बाबा गेलाराम की प्रतिमा पर हर वर्ग के श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माल्यर्पण किया।



### समाजजनों ने लिया आशीर्वाद



रैली में शामिल सभी महिलाओं, पुरुषों और युवाओं को प्रसाद वितरित किया गया। 20 कार और 100 बाइक में श्रद्धालु सवार रहे। छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत अध्यक्ष महेश दरयानी, प्रदेश प्रवक्ता सुभाष बजाज, किशोर आहूजा, प्रेमप्रकाश मध्यानी, राजकुमार सोनी, डीआर वाधवानी सहित अन्य समाजजन आयोजन का हिस्सा बने।

### विभिन्न स्थानों पर स्वागत

इस रैली का पूरे जोश के साथ स्थानीय सिंधी धर्मशाला, कटोरा तलाब पर, संत कंवरराम परमार्थ समिति द्वारा अध्यक्ष अमित जीवन के नेतृत्व में स्वागत किया। इस अवसर पर सर्वप्रथम बाबा गेलाराम जी की मूर्ती पर सदस्यों द्वारा माल्यर्पण कर, धाम की प्रमुख गद्दीनशीन चोलेवाली अम्मा को शाल पहनाकर आशीर्वाद लिया गया, तत्पश्चात सभी प्रमुख सेवादारी अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, दिलीप इसरानी आदि का पुछ्छगुच्छ देकर बधाइयां दी। इस अवसर पर संस्था की ओर से निर्मल दास खत्ती, सुरेश छत्री, अचरमल वाधवानी, श्रीमती राजकुमारी बडवानी, डा एन डी गजवानी, राजकुमार केल्विन, सुरेश सुखीजा, प्रताबराय थारवानी आदि मौजूद रहे.

# अनुचित घटना को लेकर झिझके नहीं महिलाएं, जरूरी है आवाज




**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में महिलाओं के यौन उत्पीड़न, रोकथाम, निषेध और निवारण सप्ताह के अवसर पर एक सेमीनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम केंद्रीय कर्मचारी हित निधि के तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी डॉ.दर्शनीता मुख्य अतिथि रहीं। मुख्य वक्ता रहीं आंतरिक शिकायत समिति की अध्यक्ष मैत्रेयी चरण ने अपने उद्बोधन में कहा, कार्यस्थल पर यदि किसी महिला के साथ कोई अनुचित घटना घटित होती है, तो उन्हें बिना किसी डर या झिझक के आंतरिक शिकायत समिति में अपनी शिकायत दर्ज करनी चाहिए।

### महिला कर्मचारियों ने जाने अपने अधिकार

उन्होंने समिति की प्रक्रियाओं और महिलाओं को प्रदान की जाने वाली सुरक्षा उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। किसी तरह का दुर्व्यवहार होने पर शिकायत प्रक्रिया से लेकर कार्रवाई के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में रेलवे की महिला अधिकारियों सहित लगभग 120 महिला कर्मचारियों ने भाग लिया। इस आयोजन ने महिलाओं को उनके अधिकारों और कार्यस्थल पर सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के लिए जागरूक करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**16 दिवसीय गोंडवाना महोत्सव का शुभारंभ, रोजाना होंगे सांस्कृतिक आयोजन**

# असम, गुजरात, कश्मीर सहित सहारनपुर, संबलपुर, भागलपुर से पहुंचे कारीगर, अपनी क्षेत्रीय विरासत को सहेज रहे व्यापार के जरिए

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** मां पीतांबरा जन सेवा समिति द्वारा शंकर नगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में 17 दिवसीय गोंडवाना महोत्सव का आयोजन किया गया है। प्रबंधक वैभव सिंग ने बताया, ग्राउंड में 50 फीट ऊंचा और 200 फीट की लंबा पंडाल तैयार किया गया है। इसे कोलकाता के 50-60 अनुभवी कारीगरों द्वारा सजाया गया है। साथ ही ग्राउंड में रथ की थीम पर स्टेज तैयार किया गया है, जहां रोजाना अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। महोत्सव में असम, गुजरात, दिल्ली, कानपुर, सहारनपुर, संबलपुर, भागलपुर, कश्मीर, बिहार से व्यापारी शामिल हुए हैं। शुक्रवार से प्रारंभ महोत्सव का संचालन 22 दिसंबर तक किया जाएगा।





### जानिए कब, कौन सी स्पर्धा

16 दिवसीय महोत्सव में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। जिसमें बच्चे, युवा एवं बुजुर्ग भी हिस्सा ले सकते हैं। वादन 9 दिसंबर, गायन 10 दिसंबर, मेहंदी 11 दिसंबर, शिशु वेशभूषा 12 दिसंबर, चित्रकला 13 दिंसबर, रंगोली 14 दिसंबर, व्यंजन 15 दिसंबर, समूह नृत्य 16 दिसंबर, कबाड़ से जुगाड़ 17 दिसंबर, एकल नृत्य 18 दिसंबर, कवि सम्मेलन 19 दिसंबर को प्रतियोगिता आयोजित की गई है। साथ ही रोजाना रंगारंग सांस्कृतिक एवं पारंपरिक लोक नृत्यों की प्रस्तुति की जाएगी।

### कश्मीर का पश्मीना शॉल

प्रदर्शनी में कश्मीर का फैमस पश्मीना शॉल भी मौजूद है, जिसे हाथों से तैयार किया जाता है। पश्मीना शॉल की शुरूआती कीमत 15-20 हजार रुपए है। इसे तैयार करने में सप्ताह भर से अधिक का वक्त लगता है। स्टॉल संचालक शहजाद अहमद ने बताया, पश्मीना फैब्रिक अपने आप में क्लासी लुक देता है। जो लाइटवेट होने के साथ ठंड के लिए सबसे बेहतर होता है। पश्मीना शॉल को बारीक वर्क के साथ तैयार किया जाता है, जिसके कारण इसकी कीमत सबसे अधिक रखी गई है।

### डेढ़ लाख कीमती श्री कृष्ण-राधा रानी की मूर्ति



संगम सोनी ने गोंडवाना महोत्सव में पंच धातु से निर्मित मूर्तियों का स्टॉल सजाया है। यहां 200 रूपए से लेकर डेढ़ लाख की मूर्तियां मौजूद हैं। यहां एक ही थीम पर तैयार मूर्ति के 40 से अधिक डिजाइन देखने को मिल रहे हैं। स्टॉल संचालक ने बताया, मध्यप्रदेश में मूर्तियों को तैयार किया जाता है। इस पंच धातु में पीतल, सोना, चांदी, जिंक और कॉपर का मिश्रण होता है, जिसे हाथ व सांचा की मदद से तैयार किया जाता है। स्टॉल में राम दरबार, राधा-कृष्ण, बुद्धा, श्री गणेश, नंदी प्रतिमा व दीपक खरीदारों की पहली पसंद है। इसमें राधा-कृष्ण, श्री गणेश की प्रतिमा डेढ़ लाख रूपए तक कीमती है, जो 48 इंच ऊंची है। स्टॉल में 200 से अधिक विभिन्न प्रकार की वस्तुएं हैं। दीपक की कीमत 200 रुपए से शुरु होकर 16000 हजार तक है।

### चंदेरी सिल्क व चिकनकारी कुर्ती

चिकनकारी कढ़ाई वाली कुर्ती का स्टॉल भी महिलाओं की पसंद बना हुआ है। यहां चंदेरी सिल्क, रेयान, डोबी कॉटन, मसलीन फैब्रिक के कपड़े सजाए गए हैं। जिसकी कीमत 550 रूपए से शुरू है। दुकान संचालक सुनिल चौधरी ने बताया, अधिकतर वर्किंग वीमंस और कॉलेज गर्ल्स की यह पहली पसंद होती है। स्टॉल में सौ से अधिक डिजाइन में चिकनकारी कढ़ाई की कुर्ती रखी हुई है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### रायपुर के बॉक्सरों का राज्य रनरअप ट्रॉफी पर कब्जा



**रायपुर।** 16 वीं राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता 2 दिसंबर से 4 दिसम्बर तक जवाहर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स हाउसिंग बोर्ड भिलाई में आयोजित हुआ। जिसमें राज्य से 150 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिसमें रायपुर से 12 बॉक्सरों ने बॉक्सिंग कोच हजारी लाल, सहायक कोच सोनू ध्रुव एवं रूपा ध्रुव के नेतृत्व में भाग लिया। पुरुष वर्ग के 65 किलोग्राम वर्ग में आकाश साहू स्वर्ण पदक ,85 किलोग्राम एलेक्स मिंज रजत पदक, 55 किग्रा में श्रेयांश सुखदेव, 60 किग्रा में विजय बंजारे, 75 किग्रा में कुश चंद्राकर, 80 किग्रा सौम्य राज सिंह एवं +90 किग्रा प्रणव दीवान ने कांस्य पदक जीता। महिला वर्ग में 51 किलोग्राम छाया पटेल स्वर्ण पदक, 70 किलोग्राम में राजबाला स्वर्ण पदक, विभा ठाकुर एवं 75 किग्रा में पूजा सिंह ने रजत पदक हासिल किया। पूर्व बॉक्सर एवं रायपुर एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव नवीन दास ने बताया कि खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और रनर उप ट्रॉफी पर कब्जा करने पर शुभकामनाएं दी तथा भविष्य में आने वाली प्रतियोगिता की तैयारी के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए कहा।

### छत्तीसगढ़ की महिला क्रिकेटरों ने तमिलनाडु को एक रन से दी शिकस्त



**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा सीनियर वुमेंस वनडे क्रिकेट टुर्नामेंट 2024 का आयोजन चार दिसंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का दूसरा मैच शुक्रवार को चंडीगढ में तमिलनाडु टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ ने तमिलनाडु को एक रन हराया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जिसमें छत्तीसगढ़ ने 50 ओवरों में 8 विकेट खोकर 180 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से सृष्टि शर्मा ने सर्वाधिक 54 रन बनाये। उनके अतिरिक्त कप्तान कृति गुप्ता ने 36 तथा एश्वर्य सिंह ने 29 रन बनाये।

तमिलनाडु टीम की ओर से अनुषा, राम्या श्री तथ निदा रहमान ने 2-2 विकेट लिए। 181 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी तमिलनाडु की टीम 49.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 179 रन ही बना सकी। तमिलनाडु की ओर से कीर्तना ने 54 रन तथा तिरुष कामिनी ने 47 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से सलोनी डंगोरे ने 4 विकेट, महक नरवसे एवं दुर्गेश नंदिनी ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने मैच एक रन से जीत लिया।

### वेटरन क्रिकेट में क्यूसीआई और स्टील टाइटंस के बीच आज फाइनल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा छत्तीसगढ़ लेजेन्डस प्रीमियर लीग 2024 का आयोजन 01 से 07 दिसंबर तक किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की कुल 6 टीम हिस्सा ले रहीं है। लीग में 35 वर्ष से अधिक की आयु के लगभग 120 खिलाडी हिस्सा ले रहें है। शुक्रवार को प्रतियागिता के सेमीफाइनल मैच खेले गये। क्यूसीआई क्लब, रायपुर तथा स्टील टायटन्स, भिलाई ने फाइनल में प्रवेश किया।

पहला सेमीफाइनल मैच पहला सेमीफाइनल मैच क्यूसीआई क्लब, रायपुर तथा शिवाय टायगर्स के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नया रायपुर में खेला गया।

शिवाय टायगर्स ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। क्यूसीआई क्लब, रायपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 10 विकेट खोकर 137 रन बनाये। 138 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिवाय टायगर्स की टीम 15.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 100 रन ही बना सकी। क्यूसीआई क्लब, रायपुर ने मैच 37 रनों से जीत लिया। क्यूसीआई क्लब, रायपुर के कृष्ण कुमार प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

दूसरा सेमीफाइनल मैच प्रगति प्राइड, रायपुर तथा स्टील टायटन्स, भिलाई के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नया रायपुर में खेला गया।

प्रगती प्राइड ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। स्टील टायटन्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 147 रन बनाये। प्रगति प्राइड की टीम ने 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 147 ही रन बनाकर मैच टाई कर लिया।

● सर्दियों में शुगर कंट्रोल रखने के लिए खाइए ये चार चीजें

# सर्दियों में डायबिटीज प्रभावितों को जरूरत है दिनचर्या के साथ-साथ अपने खानपान पर भी पूरा ध्यान देने की

जिन लोगों को डायबिटीज की समस्या होती है उन्हें खान-पान और दिनचर्या पर खास ध्यान देते रहने की सलाह दी जाती है। अगर आपको भी ये बीमारी है तो सावधान हो जाइए और शुगर को कंट्रोल रखने के लिए नियमित रूप से प्रयास करते रहिए।

डायबिटीज एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। इसमें ब्लड शुगर का स्तर अक्सर बढ़ा हुआ रहता है जिसे अगर कंट्रोल न किया जाए तो शरीर के कई अंगों को क्षति हो सकती है। यही कारण है कि जिन लोगों को ये समस्या होती है उन्हें खान-पान और दिनचर्या पर खास ध्यान देते रहने की सलाह दी जाती है। अगर आपको भी ये बीमारी है तो सावधान हो जाइए और शुगर को कंट्रोल रखने के लिए नियमित रूप से प्रयास करते रहिए।

जब शरीर या तो इंसुलिन प्रतिरोध विकसित कर लेता है या किसी कारण से इंसुलिन के उत्पादन में कमी हो जाती है, तो इससे डायबिटीज होने का जोखिम बढ़ जाता है।



### डायबिटीज में खान-पान का रखें ध्यान

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हम जो कुछ भी खाते-पीते हैं उसका सीधा असर हमारे शुगर लेवल पर होता है। सर्दियों के इस मौसम में खान-पान के कई ऐसे विकल्प मौजूद होते हैं जिनसे न सिर्फ शुगर को कंट्रोल रखा जा सकता है साथ ही शरीर को कई प्रकार की बीमारियों से भी बचाया जा सकता है। आइए ऐसी ही कुछ चीजों के बारे में जानते हैं जो डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद हो सकती हैं?

### जरूर खाएं संतरे

संतरे को पोटेशियम, फाइबर और विटामिन-सी का अच्छा स्त्रोत माना जाता है। चूंकि इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, इसलिए इसे खाने के बाद ब्लड शुगर तेजी से नहीं बढ़ाता है। मधुमेह रोगियों के लिए, विटामिन-सी बेहद महत्वपूर्ण है। यह न केवल शुगर के स्तर को कम करता है बल्कि एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट के रूप में विटामिन-सी क्षतिग्रस्त कोशिकाओं की रिकवरी में भी सहायक है।

### गाजर से कई फायदे

मधुमेह वाले लोगों के लिए सर्दियों में गाजर का सेवन करना काफी लाभकारी है। गाजर का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, इसलिए यह मधुमेह रोगियों के लिए आदर्श है। इनमें बहुत सारा विटामिन-सी होता है, जो प्रतिरक्षा को मजबूत करने में मदद करता है। गाजर में बीटा-कैरोटीन और विटामिन-ए पाया जा सकता है जो आंखों की रोशनी बढ़ाने और रेटिनोपैथी के खतरों को कम करने में लाभकारी है, जिसका जोखिम मधुमेह में काफी अधिक होता है।

### दालचीनी है फायदेमंद

मसाले के रूप में इस्तेमाल किए जाने वाले दालचीनी में शक्तिशाली एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। दालचीनी को कई अध्ययनों में कोलेस्ट्रॉल को कम करने और हृदय रोगों से बचाने वाला पाया गया है। नियमित दालचीनी का सेवन इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार करता है, जो रक्त शर्करा के स्तर को कम करता है। शुगर को कंट्रोल बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दालचीनी वाली चाय पीना काफी फायदेमंद हो सकता है।



# ठंड में हड्डियों से आती है आवाज तो करें ये काम



सर्दियां आते ही जोड़ों का दर्द परेशान करने लगता है। खासकर, जिन लोगों को पहले से जोड़ों में दिक्कत है, सर्दियों में उनकी मुश्किल और बढ़ सकती है। ठंडी हवा के चलते, मांसपेशियों में अकड़न होने लगती है। इसकी वजह से भी क्रैम्प्स आ सकते हैं। वहीं, सर्दियों में फिजिकल एक्टिविटी भी कम हो जाती है और यह भी जोड़ों के दर्द का एक कारण बन सकता है।

जिन लोगों को अर्थराइटिस है, उनके लिए भी सर्दियां मुश्किल भरी हो सकती हैं। अगर आपकी बोन्स कमजोर हैं, तो दर्द अधिक हो सकता है। ऐसे में बोन हेल्थ को सुधारने के लिए, एक्सपर्ट की बताए इन टिप्स पर ध्यान दें। ये टिप्स हड्डियों को मजबूत बनाकर, जोड़ों के दर्द को कम करने में मदद कर सकते हैं। इस बारे में डाइटिशियन मनप्रीत जानकारी दे रही हैं। उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से न्यूट्रिशन्स में मास्टर्स किया है। वह हार्मोन और गट हेल्थ कोच हैं।

### सर्दियों में बोन हेल्थ सुधारने के लिए करें ये काम

रोजाना सूरज की रोशनी में कुछ देर जरूर रहें। इससे शरीर को विटामिन- डी अब्जॉर्ब करने में मदद मिलती है।सर्दियों में धूप कम निकलती है। यह भी हड्डियों की कमजोरी और जोड़ों के दर्द की एक वजह हो सकता है

भीगे हुए नट्स जैसे बादाम और अखरोट जरूर खाएं। ये ओमेगा-3 और एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं और इनसे ज्वॉइंट इंफ्लेमेशन कम होता है। भीगे हुए नट्स, शरीर को ताकत देते हैं और इनसे हड्डियां भी मजबूत होती हैं। डाइट में प्रोटीन से भरपूर चीजों को शामिल करें। इससे बोन हेल्थ में सुधार होता है। क्रूसिफेरस सब्जियां भी शरीर को डिटॉक्स करने और शरीर से इंफ्लेमेटरी एजेंट्स को बाहर निकालने में मदद कर सकती हैं।

हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, अमरंथ की पत्तियों में डाइट का हिस्सा बनाएं। ये विटामिन-के से भरपूर होती हैं और बोन मिनरल्साइजेशन में मदद करती हैं। शाम के वक्त एक कटोरी मखाना जरूर खाएं। ये कैल्शियम से भरपूर होते हैं और बोन डेंसिटी को सुधारते हैं। सुबह खाली पेट कैफीन कम से कम लें। ज्यादा कैफीन शरीर में कैल्शियम के अब्जॉर्बनशन में रुकावट पैदा करता है। सर्दियों में भी वर्कआउट, योगा और वॉक जरूर करें। इससे भी बोन हेल्थ में सुधार होता है।

# नांदेड़ व नागपुर की टीम ने जीते मैच

**रायपुर।** 16 वीं सिख प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच का उद्घाटन मैच खालसा वॉरियर्स नांदेड़ व जीकेएस रायपुर (ए) के बीच खेला गया। जिसमें नांदेड़ की टीम ने 2 विकेट से जीत दर्ज की। खालसा वॉरियर्स नांदेड़ के रोमी प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। दूसरे मैच में सिमरन रॉयल किंग्स नागपुर ने शहीद भाई तारू सिंघ टीम रायपुर को 4 विकेट से पराजित किया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच आगम सिंघ रहे। उद्घाटन मैच के अतिथि रजिन्दर सिंघ (चेन्नई), महेंद्र सिंघ छाबड़ा,पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, स्टेशन रोड गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंघ छाबड़ा व अमरजीत सिंह छाबड़ा थे।

रायपुर के डब्ल्यूआरएस ग्राउंड पर शुक्रवार से शुरू हए 16 वीं सिख प्रीमियर लीग क्रिकेट के तहत पहले दिन दो मैच खेले गए। पहला मैच खालसा वॉरियर्स नांदेड़ व जीकेएस रायपुर (ए) के बीच खेला गया। जीकेएस



रायपुर की टीम ने 20 ओवर खेलकर 122 रन बनाये। जिसमें कप्तान अर्जुन सिंघ ने सर्वाधिक 33 रन की पारी खेली। अन्य बल्लेबाजों में मीका सिंघ के द्वारा बनाए 19 रन के अलावा कोई भी दहाई का स्कोर पार नहीं कर पाये। खालसा वॉरियर्स नांदेड़ के गेंदबाज रोमी ने सधी हुए गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 9 रन देकर 3 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने के लिए उतरी खालसा वॉरियर्स नांदेड़ की टीम ने 18.3 ओवर में जीत का लक्ष्य पूरा कर लिया।

### महीनों तक खराब नहीं होगी टमाटर की खट्टी-मीठी चटनी अगर इन टिप्स से करेंगी स्टोर

यदि आपको भी सर्दी में टमाटर से बनने वाली खट्टी मीठी चटनी पसंद है, लेकिन उसको बनाकर ज्यादा दिन स्टोर नहीं कर पाती हैं। ऐसे में आपको कुछ टिप्स जानने चाहिए, जिनसे टमाटर की चटनी को लंबे समय तक स्टोर किया जा सकता है।सबसे पहले आपको टमाटर अच्छी तरह धो लेने हैं। अब इनको एक मिक्सी जार में डालकर अच्छी तरह पीस लेना है। गैस पर एक कड़ाही रखें उसमें तेल डालें और गर्म होने के बाद उसमें कलौंजी, जीरा और हल्की सी हींग डालेंगे। इसके बाद इसमें टमाटर का पेस्ट डालकर अच्छी तरह मिलाएंगे। ऊपर से काला नमक, सफेद नमक, लाल मिर्च पाउडर, गर्म मसाला डालकर फिर चलाएं। साथ ही जितना गाढ़ा पतला करना है उस हिसाब से पानी एड करें।




## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन 6' पर अपडेट क्या होने जा रही जॉनी डेप की वापसी ?



पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन 6 को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। चर्चा है कि जॉनी डेप अपने कैप्टन जैक स्पैरो की भूमिका में वापसी कर सकते हैं। इस साल की शुरुआत में निर्माता जेरी ब्रुकहाइमर ने कहा था कि यह छठी फिल्म लोकप्रिय फ्रेंचाइजी का रिबूट होगी। हालांकि, हाल की घटनाओं से यह संकेत मिलता है कि जॉनी डेप के शामिल होने का अभी भी संभावनाएं खत्म नहीं हुई हैं। रिपोट्र्स के अनुसार डिज्नी ने अभी तक जॉनी डेप से उनकी भूमिका फिर से निभाने के लिए आधिकारिक रूप से संपर्क नहीं किया है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि उनकी वापसी के रास्ते पूरी तरह से बंद हो चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक ब्रुकहाइमर स्क्रिप्ट के दो अलग-अलग संस्करण पर काम कर रहे हैं। इनमें से एक संस्करण ऐसा है, जिसमें जॉनी डेप को शामिल किया जा सकता है, अगर वे और डिज्नी अपने पिछले मतभेदों को सुलझाने में सफल होते हैं। सूत्रों ने बताया कि ₹कुछ भी अभी खारिज नहीं किया जा सकता है।₹ यानी इस पर फैसला अभी बाकी है और जॉनी डेप और फ्रेंचाइजी के प्रशंसकों के लिए उम्मीदें अभी भी जिंदा हैं। इस साल की शुरुआत में ब्रुकहाइमर को जॉनी डेप से मुलाकात करते हुए देखा गया था, जिससे अभिनेता की वापसी को लेकर अटकलें लगनी शुरू हो गई थीं। हालांकि, जॉनी डेप के हालिया कानूनी विवादों और सार्वजनिक विवादों को देखते हुए डिज्नी इस मामले पर सतर्क रुख अपनाए हुए है। फिलहाल, प्रशंसकों को आगे के अपडेट का इंतजार करना होगा कि जॉनी डेप और डिज्नी आपस में सहमति बना पाते हैं या नहीं। इस फ्रेंचाइजी की पिछली पांच फिल्मों ने जॉनी को हॉलीवुड के सबसे ज्यादा कमाई करने वाले अभिनेताओं में से एक बना दिया था।

### टॉलीवुड

## नागा-शोभिता ने शादी के बाद निभाई रिंग गेम रस्म, मस्ती भरा वीडियो देख फैंस उत्साहित



नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला ने बुधवार 4 दिसंबर को शादी कर एक-दूजे के साथ सात जन्मों की कमसें खाईं। इस जोड़े ने हैदराबाद के अन्नपूर्णा स्टूडियो में शादी की, जहां कई दिग्गज सेलेब्स ने उन्हें आशीर्वाद दिया। स्टूडियो के अंदर से वीडियो और तस्वीरें ऑनलाइन सामने आने लगी हैं, एक नए वीडियो में नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला को शादी के बाद खेले जाने वाले रिंग गेम रस्म में वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला रिंग गेम खेलते समय मुस्कुरा रहे। परंपरा के अनुसार, एक जोड़ा दूध और गुलाब की पंखुड़ियों से भरे बड़े मटके में अंगूठी खोजने की कोशिश करता है। परंपरा के अनुसार, जो भी अंगूठी ढूंढ़ लेता है, वह शादी तय करता है। नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला में से कौन जीता? क्या अभिनेता ने अपनी दूसरी पत्नी के खिलाफ जीत हासिल की। यह देखिए इस खास वीडियो में। समारोह के तुरंत बाद, नागार्जुन ने सोशल मीडिया पर जोड़े की पहली आधिकारिक शादी की तस्वीरें साझा कीं और लिखा, ₹शोभिता और चै को एक साथ इस खूबसूरत अध्याय की शुरुआत करते देखना मेरे लिए एक विशेष और भावनात्मक क्षण रहा है। मेरी प्यारी चाय को बधाई, और परिवार में आपका स्वागत है, प्यारी सोभिता- आप पहले ही हमारे जीवन में बहुत सारी खुशियां ला चुकी हैं।" आगे नागार्जुन ने लिखा, यह उत्सव और भी गहरा अर्थ रखता है क्योंकि यह एएनआर गारू की प्रतिमा के आशीर्वाद के तहत मनाया जा रहा है, जिसे उनके शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में स्थापित किया गया है। ऐसा लगता है जैसे उनका प्यार और मार्गदर्शन इस सफर के हर कदम पर हमारे साथ मौजूद है। मैं आज हम पर बरसने वाले अनगिनत आशीर्वादों के लिए आभार व्यक्त करता हूं।₹ तस्वीरों में नागा चैतन्य पारंपरिक हाथीदांत शेरवानी और रेशमी शॉल में नजर आए, जबकि शोभिता मंदिर के गहनों से सजी गोल्डन साड़ी में बेहद खूबसूरत नजर आईं। हालांकि, शोभिता ने समारोह के दौरान एक खूबसूरत सफेद साड़ी भी पहनी थी।

### भोजपुरी

## छोड़कर चली गई खेसारी की महबूबा! तड़प-तड़प कर रोने लगे अभिनेता



खेसारी लाल यादव के गानों का क्रेज फैंस के सिर चढ़कर बोलता है। यूं तो उनके गाने ज्यादातर धूम-धड़ाके वाले होते हैं, जिनमें सुपरस्टार अपने डांस और अंदाज से गर्दा उड़ाते नजर आते हैं। लेकिन, उनका हालिया गाना काफी दर्द भरा है। खेसारी लाल यादव के इस गाने का टाइटल है, 'जानू मुबारक हो शादी'। यह गाना आज मंगलवार को यूट्यूब पर रिलीज हुआ है। खेसारी लाल यादव का नया गाना 'अंकिता फिल्म्स' के यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है। इसे खेसारी लाल यादव ने गाया है। गाना फिल्माया भी उन पर गया है। इसमें वे अपनी महबूबा की शादी में शामिल होते नजर आए हैं। अपने गानों पर थिरकने वाले खेसारी इस गाने में दिल टूटे आशिक बने सुबक-सुबक कर रोते नजर आए हैं। खेसारी के इस गाने को यूजर्स से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। फैंस लिख रहे हैं, 'खेसारी का काफी लंबे समय बाद दर्द भरा गाना आया है'। एक यूजर ने लिखा, 'खेसारी लाल का सैड सॉन्ग सीधे दिल पर लगता है'। एक यूजर ने लिखा, 'यह गाना सुनकर तो रोना आ गया। खेसारी ने एक आशिक के दिल की बात कह डाली है'।

रिलीज हुए गाने को चंद घंटों में ही करीब एक लाख व्यूज मिल चुके हैं। खेसारी लाल यादव भोजपुरी सिनेमा के लोकप्रिय कलाकार हैं।

## फैशन का जैतूनी रंग

लाइफ स्टाइल



लेबनानी डिज़ाइनर एली साब ने पेरिस फैशन वीक में अपने फॉल/विंटर रेडी-टू-वियर 2024-25 संग्रह का अनावरण किया। उन्होंने उपयुक्त शीतकालीन पैलेट में गहरे रंगों का प्रदर्शन किया । रनवे पर आकर्षक जैतूनी हरे रंग के गाउन दिखाए गए, साथ ही गहरे बैंगनी और हल्के गहरे नीले रंग ने भी इस नई पेशकश को और अधिक आकर्षक बना दिया।

## सर्दियों के मौसम में चाहती हैं सॉफ्ट और सुंदर लिप्स, तो इन टिप्स को करें फॉलो

सर्दियों के मौसम में जहां स्किन और बालों को सही केयर की जरूरत होती हैं तो वहीं लिप्स भी हैं जिन्हें एक्स्ट्रा केयर की जरूरत होती है। इस मौसम में लिप्स की सही तरह से केयर न की जाए तो ये ड्राई हो जाते हैं और इस वजह से ये रूखे और डल नजर आते हैं। वहीं अगर आप सर्दियों के मौसम सॉफ्ट और सुंदर लिप्स चाहती हैं तो आप इस आर्टिकल में बताई गई टिप्स को फॉलो कर सकती हैं। ये टिप्स लिप्स को सॉफ्ट और सुंदर रखने में मददगार साबित हो सकती हैं साथ ही इन टिप्स को आपने लिप्स केयर रूटीन में भी शामिल कर सकती हैं।

### लिप्स को करें मॉइस्चराइज

चेहरे को धोने के बाद जहां आप इसे मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करती है तो वहीं होठों को भी मॉइस्चराइज करें। होठों को मॉइस्चराइज करने के लिए लिप बम का इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं होठों को मॉइस्चराइज करने के लिए बेस्ट लिप बाम का इस्तेमाल करें। लिप बाम आप दिन में दो बार लगाएं और घर से बाहर निकलने के दौरान जरुर होठों पर लिप बाम लगाएं।

### रात को करें ये काम

सॉफ्ट और सुंदर लिप्स पाने के लिए रात को सोने से पहले इन्हें मॉइस्चराइज करें और इसके लिए आप नारियल तेल का इस्तेमाल कर सकती हैं। रात को लिप्स को अच्छी तरह से साफ करें और इसके बाद



उँगलियों में थोडा-सा नारियल तेल लेकर होठों की मसाज करें। ये काम रोजाना सोने से पहले कर सकती हैं।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

हफ्ते में दो दिन होंठों को एक्सफोलिएट करें। स्क्रब के बाद तुरंत लिप बाम लगाना ना भूलें। सही और बेस्ट लिप बाम का चुनाव करें। मैट लिपस्टिक का इस्तेमाल आप कम करें होंठ चाटे नहीं ऐसा करने से लिप्स और भी ज्यादा ड्राई हो जाते हैं। धूप में निकलते समय लिप बाम का इस्तेमाल करें डैमेज या फटे होंठों की समस्या को नजरअंदाज न करें।

## साड़ी लुक को बनाना है खास तो इन बातों का ध्यान रखकर हों जाएं तैयार



फैशन

साड़ी एक पारंपरिक भारतीय परिधान है, जो महिलाओं द्वारा पहना जाता है। इसे पहनने की शैली भारत के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग होती है, और यह वहां की संस्कृति और परंपरा को दर्शाती है। साड़ी केवल पहनावे का साधन नहीं, बल्कि यह भारतीय महिलाओं की संस्कृति और परंपरा का प्रतीक भी है। शादी, त्योहार और अन्य खास अवसरों पर साड़ी पहनने का प्रचलन खासतौर पर देखा जाता है। अब तो महिलाएं न सिर्फ पार्टी बल्कि दफ्तरों में भी साड़ी पहनना पसंद करती हैं। वैसे तो साड़ी महिलाओं की खूबसूरती में चार चांद लगा देती है, लेकिन अगर इसे सही ढंग से न पहना जाए तो ये आपका लुक बिगाड़ भी सकती है। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी टिप्स देने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करने के बाद आपका साड़ी लुक किसे हिरोइन से कम नहीं लगेगा।



### आयोजन के हिसाब से करें चयन

साड़ी का चयन हमेशा आयोजन के हिसाब से ही करना चाहिए। हर आयोजन के लिए अलग-अलग टाइप की साड़ियां सही मानी जाती हैं। जैसे कि किसी पार्टी के लिए शिमर या नेट साड़ी, जबकि पारंपरिक मौके पर सिल्क या बनारसी साड़ी चुनें। दफ्तर में आप कॉटन की साड़ी कैरी कर सकती हैं।

### रंग का रखें ध्यान

साड़ी का रंग दिन और रात के हिसाब से ही चुनें। जैस कि दिन के समय हल्के और पेस्टल रंग, जबकि रात के समय गहरे रंग उपयुक्त लगते हैं। यदि आप रात के समय ज्यादा हल्के रंग पहनेंगी तो आपका लुक हल्का ही दिखेगा।

### ब्लाउज का रखें ध्यान

आपके साड़ी लुक के स्टाइल को ब्लाउज का डिजाइन पूरी तरह बदल सकता है। ऐसे में साड़ी के साथ ट्रेंडी बैक डिजाइन, बेल स्लीव्स, या कॉन्ट्रास्ट ब्लाउज ट्राई करें। इसकी फिटिंग सही होनी चाहिए।

## डेनिम जींस के साथ स्टाइल करें अपने स्वेटर, खिल उठेगा रूप

जब भी हमें कुछ कम्फर्टेबल आउटफिट पहनने का मन करता है, तो ऐसे में हम जींस को सबसे पहले ऑप्शन में रखते हैं। लेकिन जब इसके साथ टॉप को पहनने की बात आती है, तो इसके लिए हम कई सारे ऑप्शन को सर्च करते हैं। जिसे वियर करके हम लुक को परफेक्ट तरीके से क्रिएट कर सके। साथ ही, लुक को अट्रैक्टिव बना सके। ऐसे ही आप सर्दी के मौसम में डेनिम जींस के साथ स्वेटर के अलग-अलग डिजाइन और कलर को वियर कर सकती हैं। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। साथ ही, आप ठंड से बची रहेंगी। चलिए आपको बताते हैं किस तरह के स्वेटर को आप वियर कर सकती हैं।

### ओवर साइज स्वेटर करें स्टाइल

आप डेनिम जींस के साथ लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए ओवर साइज स्वेटर को वियर कर सकती हैं। इस तरह के स्वेटर पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। इसमें आपको राउंड नेकलाइन के साथ-साथ हाईनेक वाला



डिजाइन भी मिल जाता है। इससे ये स्वेटर पहनने के बाद अच्छा लगता है। इसे आप किसी भी डेनिम के साथ वियर कर सकती हैं। कलर भी आप स्वेटर के शेड के हिसाब से चूज कर सकती हैं। इससे आपका लुक अच्छा नजर आएगा। मार्केट में इस तरह के स्वेटर आपको 500 से 1,000 रुपये में मिल जाएंगे।

## सर्दियों में कर रही हैं हेयर स्पा तो इन बातों का रखें खास ध्यान

अगर आप सर्दियों के मौसम में हेयर स्पा करवा रही हैं तो आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। अगर आप हेयर स्पा के दौरान इन बातों का ध्यान नही रखती हैं तो बालों को नुकसान हो सकता है।

**हेयर स्पा कराने के फायदे:** आजकल की भागदौड़ भरी लाइफ साथ बालों की सही तरह से केयर नहीं करने की वजह से बाल रूखे और बेजान हो जाते हैं। हेयर स्पा बालों को नमी प्रदान करने का काम करता है साथ ही हेयर स्पा करने से बाल मजबूत होते हैं तो वहीं बालों से जुड़ी समस्या भी कम होती है।

**सर्दियों में हेयर स्पा करवाने से पहले इन बातों का रखें ध्यान :** हेयर स्पा करवाने के लिए सही हेयर स्टाइलिस्ट का चुनाव करें ताकि यहां पर सही तरह से हेयर स्पा ट्रीटमेंट हो सकें। इसी के साथ हेयर स्टाइलिस्ट को अपने बालों से जुड़ी सभी परेशानी के बारे में बताए ताकि वो उन चीजों का इस्तेमाल न करें जिससे आपके बालों को नुकसान हो सकता है।

हेयर स्पा करवाने से बालों की अच्छी तरह से मसाज करें ताकि बालों को सही पोषण मिल सके साथ ही स्कैल्प भी हेल्दी रहे। वहीं हेयर स्पा करवाने के दौरान इस बात का



ध्यान रखें कि हेयर स्टाइलिस्ट किस तरह का शैम्पू और कंडीशनर का इस्तेमाल कर रहा है ताकि बालों को कोई नुकसान न हो।

**हेयर स्पा के करवाने के बाद इन चीजों का रखें ध्यान** :हेयर स्पा करवाने के बाद आप हीटिंग टूल्स का इस्तामले करने से बचें। अगर आप हीटिंग टूल्स का इस्तेमला करती है तो बालों को नुकसान हो सकता है साथ हो बालों के ड्राई होने की समस्या बढ़ सकती है।

हेयर स्पा करवाने के बाद बालों को कवर करके रखें साथ ही इन्हें धूप से भी बचाएं। वहीं हेयर स्पा के बाद बालों को गर्म पानी से न धोएं। अगर आप बालों को गर्म पानी से वश करती हैं तो बालों को नुकसान हो सकता है।

कार्नर न्यूज

## इन ब्यूटी हैक्स से होगी जिंदगी आसान, हर महिला को होनी चाहिए इनकी जानकारी

*ब्यूटी हैक्स बेहद काम की चीज हैं, जो आपका समय बचाते हैं। इनकी मदद से आप अपने मेकअप, बाल, त्वचा और नाखूनों को खूबसूरती और करीने से सजा-संवार सकती हैं। हर महिला, चाहे वह कामकाजी हो या गृहिणी, उसकी दिनचर्या सुबह से शाम तक भागदौड़ भरी ही रहती है। घर के कामों में फिर भी कोई आपकी मदद कर देता है, लेकिन तैयार आपको खुद ही होना पड़ता है, वह भी ज्यादा समय लगाए बिना। आप चाहे कितनी भी व्यवस्थित क्यों न हों, कुछ न कुछ छूट ही जाता है और आप इस कम समय में उतनी सुंदर नहीं लग पातीं, जितना कि लगना चाहती हैं। ऐसे में न सही हेयर स्टाइल बन पाता है, न सही से मेकअप हो पाता है। वहीं कई बार कोई कपड़ा बहुत ढीला दिख रहा होता है तो कभी शर्ट के दो बटनों के बीच से स्किन झांक रही होती है।*

## इन फैशन हैक्स को अपना कर बनाइए खुद को और भी हसीं, जानिए इनके बारे में सबकुछ



**फैशन टेप : नहीं फिसलेंगे कपड़े:** कई बार हाई नेकलाइन और शोल्डर लेंथ वाले कपड़ों से त्वचा झांकने लगती है। ऐसा जब ऑफिस या परिवार में बड़े-बुजुर्गों के बीच हो जाता है तो आंखें शर्म से नीची हो जाती हैं। तब यह समझ नहीं आता कि क्या करें, कैसे झांकती त्वचा को छिपाएं! ऐसी अजीब परिस्थितियों और मुसीबतों से बचने का उपाय है, डबल साइड वाली फैशन टेप।

यह सेलो टेप जैसे रोल में आती है और ट्रांसपेरेंट होती है। आपको यह ऑनलाइन या ऑफलाइन आसानी से मिल जाएगी। इस टेप रोल में आपको यह एक इंच के छोटे टुकड़ों में कटी मिल जाएगी, यानी काटने का कोई झंझट नहीं, बस जहां लगानी हो, आसानी से लगा लो।

**फिटकरी पेंसिल : सेफ्टी गैजेट:** कई बार आईब्रो या अपर लिप्स पर शेविंग करते हुए, सेफ्टी पिन लगाते हुए या फिर अपने नाखून ही खुद को चुभ जाते हैं और आप चोटिल हो जाती हैं, जिसमें से कभी-कभी खून भी बहने लगता है।

मुसीबत तब ज्यादा बड़ी लगती है, जब ऐसा कुछ घर से बाहर हो। ऐसे समय में आपकी बेस्ट सेफ्टी गैजेट बनेगी छोटी-सी फिटकरी पेंसिल। इसे आप बाजार से या ऑनलाइन खरीद सकती हैं। यदि आपको फिटकरी वाली पेंसिल न मिले तो आप फिटकरी का छोटा टुकड़ा बैग में रख सकती हैं, जिसे लगाते ही खून बहना रुक जाएगा। फिटकरी रक्तवाहिनियों को सिकोड़ देती है और रक्तस्राव शीघ्रता से रुक जाता है।



**हील कुशन : आराम ही आराम:** हील्स पैरों को कितना परेशान करती हैं, आप अच्छी तरह जानती हैं। मगर इसमें भी दो राय नहीं कि ये कम हाइट वाली महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने का काम करती हैं। ऐसे में खूबसूरती को बढ़ाने और पैरों को आराम देने के काम आएगा हील कुशन। यह बेहद मुलायम और स्टिक-ऑन होता है।

आप इसको जूतों में भी जोड़ सकती हैं और अपनी हाइट में थोड़ा इजाफा कर सकती हैं। इसे पहनकर आप घंटों डांस फ्लोर की शान बन सकती हैं, वह भी बिना किसी परेशानी के।

**आईलैश : खूबसूरती की चमक:** पूरा मेकअप करके के बाद जब आईलैश सही से कर्ल नहीं होती या फिर मस्कारा लगाते समय वह फैल जाए तो बहुत चिढ़ होती है।